वास्तुकला	स्त्री.	वास्तु अर्थात् मकान, महल आदि बनाने की कला जिसके अंतर्गत चित्रण और लक्षण दोनों आते हैं, स्थापत्य ।	ವಾಸ್ತುಕಲೆ, ಗೃಹ ನಿರ್ಮಾಣ ಕಲೆ ಸ್ಥಾಪತ್ಯ ಕಲೆ	वास्तुकलॆ, गृह निर्माण कलॆ, स्थापत्य कलॆ	architecture.
वास्तुकार	पुं.	मकान, महल आदि का निर्माण करनेवाला शिल्पी, स्थपति ।	ಸ್ಥಪತಿ	स्थपति	architect.
वास्ते	अव्य.	1. निमित्त, लिए; 2. हेतु, सबब; 3. कृते ।	ಓಸ್ಕರ; ಆ ಕಾರಣದಿಂದ; ಪರವಾಗಿ	ओस्कर; आ कारणदिंद; परवागि	for the sake (of); on account (of); by reason (of); on or in behalf (of).
वाह	अव्य.	प्रशंसासूचक शब्द, धन्य ।	ಪ್ರಶಂಸಾ ಸೂಚಕ ಶಬ್ದ	प्रशंसा सूचक शब्द	well done !, fine !, excellent !
वाहक	वि.	ढोनेवाला, ले जानेवाला ।	ಹೊತ್ತು ಹೋಗುವ	हॊत्तु होगुव	carrying, conveying.
	पुं.	कुली, सामान आदि ढोनेवाला मजदूर ।	ಹಮಾಲ, ಕೂಲಿ	हमाल, कूलि	porter, carrier.
वाहन	पुं.	कोई ऐसा साधन जिसपर चढ़कर लोग कहीं आते-जाते हों, सवारी या पशु या अन्य कोई साधन, सवारी ।	ವಾಹನ, ಸವಾರಿ	वाहन, सवारि	conveyance of any kind, carriage.
वाहिनी	स्त्री.	1. सेना, फौज; 2. शरीर विज्ञान में नली के आकार के वे सूक्ष्म आधार जो रक्त के कण एक स्थान से दूसरे स्थान पर पहुंचाते हैं ।	ಸೈನ್ಯ; ರಕ್ತವಾಹಿನಿ ನಾಡಿ	सैन्य; रक्तवाहिनि नाडि	an army; vessel (in physiology).
वाहियात	वि.	1. (वस्तु) जो निरर्थक या व्यर्थ हो; 2. (बात) जो बे-सिर-पैर की, अश्लील या बेहूदा हो;	ನಿರರ್ಥಕ (ವಸ್ತು); ಅಡಿಬುಡ ವಿಲ್ಲದ (ಮಾತು);	निरर्थक (वस्तु); अडिबुडविल्लद (मातु);	useless; nonsense;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. (व्यक्ति) जो निकम्मा या मूर्ख हो ।	ಮೂರ್ಖ	मूर्ख	worthless (fellow).
वाही	वि.	1. बेहूदा, बे-सिर-पैर का;	ಅರ್ಥವಿಲ್ಲದ;	अर्थविल्लद;	nonsense;
		2. वहन करनेवाला, ढोने-वाला, ले जानेवाला (समास में);	ವಾಹಕ;	वाहक;	carrying, conveying;
		3. बहानेवाला (समास में);	(ಸಮಾಸದಲ್ಲಿ) ವಾಹಿ	(समासदल्लि) वाहि;	causing to flow;
		4. बहनेवाला (समास में) ।	ಹರಿಯುವ	हरियुव	flowing.
विकट	वि.	1. कठिन, मुश्किल;	ಕಠಿಣವಾದ;	कठिणवाद;	difficult;
		2. दुर्गम;	ದುರ್ಗಮವಾದ;	दुर्गमवाद;	formidable;
		3. भयंकर, भीषण;	ಭಯಂಕರವಾದ;	भयंकरवाद;	horrible, dreadful;
		4. बहुत बड़ा, विशाल;	ಅತ್ಯಂತ ವಿಸ್ತೃತವಾದ;	अत्यंत विस्तृतवाद;	very great, huge;
		5. भद्दा, भोंडा ।	ಕುರೂಪ	कुरूप	ugly.
विकराल	वि.	भीषण, भयंकर (आकृतिवाला), डरावना ।	ಭೀಷಣ, ಭಯೋತ್ಪಾದಕ	भीषण, भयोत्पादक	dreadful, horrible, frightful.
विकर्षण	पुं.	1. दूसरी ओर या विपरीत दिशा में खींचना, प्रतिकर्षण;	ಕೆಳಮುಖವಾದ ಎಳೆತ;	कॆळमुखवाद ऎळॆत;	pulling asunder;
		2. खींचकर अपनी ओर लाना, लौटाना;	ತನ್ನ ಕಡೆ ಆಕರ್ಷಿಸುವಿಕೆ;	तन्न कडॆ आकर्षिसुविकॆ;	dragging;
		3. अरुचि, घृणा, विमुखता;	ಅರುಚಿ;	अरुचि;	dislike, hatred, disinclination;
		4. हटाना ।	ದೂರ ಸರಿಸುವಿಕೆ	दूर सरिसुविकॆ	removing.
विकल	वि.	1. बेचैन, व्याकुल;	ವ್ಯಾಕುಲ, ಅಶಾಂತ;	व्याकुल, अशांत;	restless, uneasy;
		2. जिसका कोई अंग टूट चुका हो, खंडित ।	ಅಂಗಹೀನ	अंगहीन	maimed.
विकलांग	वि.	1. किसी अंग से हीन;	ಅಂಗಹೀನ	अंगहीन	maimed;
		2. जिसका कोई अंग बेकाम हो ।			having a deficient limb.
विकल्प	पुं.	1. वह अवस्था जिसमें सामने आई हुई कई बातों या विषयों में से कोई बात या विषय अपने लिए चुनने की आवश्यकता	ಐಚ್ಛಿಕ ವಿಷಯ;	ऐच्छिक विषय;	option;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		होती है, पसंद करने या चुनने का अधिकार;			
		2. सामने आए हुए दो या अधिक ऐसे कामों या बातों में से हर एक जिसे आवश्यकता, सुभीते आदि के अनुसार काम में लाया या लिया जा सकता हो;	ಆಯ್ದ ವಿಷಯ;	आय्द विषय;	alternative;
		3. अनिश्चय की स्थिति, अनिश्चितता, सन्देह;	ಅನಿಶ್ಚಿತ ಸ್ಥಿತಿ;	अनिश्चित स्थिति;	uncertainty, ambiguity;
		4. मन में उत्पन्न होनेवाली तरह-तरह की कल्पनाएं ।	ಅಂದು ಕೊಂಡ ಮಾತು, ಸಂಕಲ್ಪಿಸ ಲಿರುವವಿಷಯ	अंदु कोंडु मातु संकल्पिसलिरुव विषय	false notions.
विकसित	वि.	1. जिसका विकास हुआ हो या किया गया हो;	ವಿಕಸಿತವಾದ;	विकसितवाद;	developed;
		2. खिला हुआ ।	ಅರಳಿದ	अरळिद	budded, blown.
विकार	पु.	1. दूषण, विकृति, भ्रष्टता;	ವಿಕಾರ	विकार	perversion, defilement;
		2. किसी चीज के आकार, रूप, गुण, रंग आदि में होनेवाला परिवर्तन जिससे वह खराब हो जाए और ठीक तरह से काम देने योग्य न रह जाए, खराबी, गड़बड़ी;			disorder, deterioration;
		3. प्राकृतिक या मूलस्थिति में होनेवाला परिवर्तन, प्रकृति या रूप का बदल जाना, रूपांतरण ।			transformation.
विकारी	वि.	1. जिसमें कोई परिवर्तन हुआ हो या किया गया हो;	ವಿಕಾರಗೊಂಡ;	विकारगोंड;	transformed;
		2. जिसमें कोई विकार या परिवर्तन होता रहता हो या होने को हो;	ಬದಲಾಯಿಸಿದ;	बदलायिसिद;	undergoing a change;
		3. जिसमें कोई विकार उत्पन्न हुआ हो, विकार से युक्त, विकृत ।	ವಿಕೃತ	विकृत	defiled.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विकास	पुं.	1. फूलों आदि का खिलना;	ಅರಳುವಿಕೆ;	अरळुविकॆ;	budding, blooming (of flowers);
		2. किसी चीज का अस्तित्व में आकर या आरंभ होकर फैलते या बढ़ते हुए और उन्नति की अनेक क्रमिक अवस्थाएं पार करते हुए अपनी पूरी बढ़ती तक पहुंचना, बढ़ती, उन्नति, अभिवृद्धि;	ಅಭಿವೃದ್ಧಿ;	अभिवृद्धि;	development;
		3. यह सिद्धांत कि कोई वस्तु अपनी आरंभिक सामान्य अवस्था से अपनी प्रकृति के अनुसार बढ़ती तथा फूलती फलती हुई पूर्ण अवस्था प्राप्त करती है ।	ಬೆಳೆಯುವಿಕೆ	बॆळॆयुविकॆ	evolution, growth.
विकासवाद	पुं.	यह सिद्धांत कि ईश्वर ने यह सृष्टि (अथवा इसका कोई अंग) इसी या प्रस्तुत रूप में उत्पन्न नहीं की थी, वरन् इसका रूप प्रतिक्षण बदलता और बढ़ता जा रहा है ।	ವಿಕಾಸವಾದ	विकासवाद	evolutionism.
विकिरण	पुं.	1. आजकल वैज्ञानिक क्षेत्र में किसी केन्द्र से ताप, प्रकाश की किरणों अथवा किसी प्रकार की ऊर्जा का निकल कर इधर-उधर या चारों ओर फैलना;	ವಿಕಿರಣ	विकिरण	radiation;
		2. इधर-उधर फेंकना, या फैलाना, छितराना, बिखेरना;			throwing about, scattering;
		3. किसी केन्द्र से शाखाओं आदि के रूप में निकलकर इधर-उधर फैलना या बढ़ना ।			spreading of branches from a point.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विकीर्ण	वि.	1. चारों ओर फैलाया या छितराया हुआ, बिखेरा हुआ;	ಚಲ್ಲಾಪಿಲ್ಲಿಯಾಗಿ ಹರಡಿದ;	चल्लापिल्लियागि हरडिद;	scattered;
		2. खुले, बिखरे या उलझे हुए (बाल) ।	ಸಿಕ್ಕುಬಿದ್ದ (ಕೂದಲು ವಗೈರೆ)	सिक्कुबिद्द (कूदलु वगैरे)	dishevelled.
विकृत	वि.	1. दूषित, कलुषित, भ्रष्ट;.	ವಿಕಾರಗೊಂಡ;	विकारगोंड;	defiled, corrupted;
		2. जिसका आकार या रूप बिगड़ गया हो, बेडोल, खराब;	ಆಕಾರ ಕೆಟ್ಟ;	आकार कॆट्ट;	deformed, disfigured;
		3. जिसकी मूल या प्राकृतिक स्थिति में परिवर्तन हो गया हो, रूपांतरित;	ರೂಪಾಂತರಗೊಂಡ;	रूपांतरगोंड;	transformed;
		4. (मानसिक रूप से) रुग्ण ।	ಮಾನಸಿಕವಾಗಿ ಅಸ್ವಸ್ಥ	मानसिकवागि अस्वस्थ	mentally sick.
विकृति	स्त्री.	1. परिवर्तित रूप;	ಬದಲಾಯಿಸಿದ ರೂಪ;	बदलायिसिद रूप;	changed form;
		2. बिगड़ा हुआ रूप;	ಕೆಟ್ಟು ಹೋದ ರೂಪ;	कॆट्टु होद रूप;	disfigurement;
		3. परिवर्तन, रूपांतरण;	ಬದಲಾವಣೆ;	बदलावणॆ;	modification, transformation;
		4. खराबी, गड़बड़ी, विकार ।	ವಿಕಾರ	विकार	deformation, corruption.
विकेंद्रीकरण	पुं.	1. केन्द्र से हटाकर दूर करना; 2. राजनीतिक क्षेत्र में, शक्ति का या सत्ता का एक केन्द्र या स्थान में निहित न होकर (रखकर) अनेक केन्द्रों या स्थानों में थोड़े-थोड़े अंशों में निहित होना (करना) ।	ವಿಕೇಂದ್ರೀಕರಣ	विकेंद्रीकरण	removing away from the centre; decentralisation.
विक्रम	-पुं.	1. पौरुष, बल, वीरता, पराक्रम;	ಪರಾಕ್ರಮ;	पराक्रम;	valour, power, bravery;
		2. उज्जयिनी के एक प्रसिद्ध प्रतापी राजा जिनके नाम पर विक्रम संवत् चलाया गया था, विक्रमादित्य ।	ರಾಜಾ ವಿಕ್ರಮಾದಿತ್ಯ	राजा विक्रमादित्य	a celebrated King of Ujjayini, after whom the Vikram era is named so.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विक्रमी	वि.	पराक्रमी, बलशाली ।	ಪರಾಕ್ರಮಿ	पराक्रमि	valiant, heroic.
विक्रय	पुं.	बेचना, दाम लेकर कोई चीज देना ।	ಮಾರಾಟ	माराट	selling, vending, sale.
विक्रांत	वि.	जिसमें विशेष विक्रम अर्थात् बल हो, शूरवीर पराक्रमी, प्रतापी, तेजस्वी ।	ಬಹಳ ಪ್ರತಾಪ ಶಾಲಿ, ಶೂರ	बहळ प्रतापशालि, शूर	valiant, mighty, pre-eminent, heroic.
विक्रेता	पुं.	बिक्री करनेवाला, बेचनेवाला ।	ಮಾರಾಟ ಮಾಡುವವ	माराट माडुवव	one who sells, seller, vendor.
विक्लांत	वि.	1. हतोत्साह; 2. श्रांत, थका हुआ ।	ಉತ್ಸಾಹವಿಲ್ಲದ; ಬಳಲಿದ	उत्साहविल्लद; बळलिद	discouraged; tired.
विक्षत	वि.	घायल, जख्मी, जिसमें क्षत लगा हो, जिसमें खराश या खरोंच पड़ी हो ।	ಗಾಯಗೊಂಡ	गायगोंड	wounded, hurt, injured.
विक्षिप्त	वि.	1. जिसका मस्तिष्क ठीक तरह से काम न करता हो, पागल, सिड़ी; 2. घबराया हुआ, विकल, बेचैन; 3. फेंका या छितराया हुआ ।	ಬುದ್ಧಿಭ್ರಾಂತ; ಭ್ರಾಂತ; ಚಲ್ಲಾಪಿಲ್ಲಿಯಾಗಿ ಬಿಸುಟ	बुद्धिभ्रांत; भ्रांत; चल्लापल्लियागि बिसुट	mad, lunatic, crazy; bewildered, perplexed; thrown asunder or scattered.
विक्षिप्तता	स्त्री.	1. पागलपन; 2. बेचैनी, विकलता ।	ಹುಚ್ಚುತನ; ಮಾನಸಿಕ ಅಶಾಂತಿ	हुच्चुतन; मानसिक अशांति	lunacy; bewilderment, restlessness.
विक्षुब्ध	वि.	1. उद्विग्न, खिन्न; 2. उथल-पुथल युक्त, अस्तव्यस्त, अशांत ।	ಉದ್ವಿಗ್ನ; ಅಶಾಂತ	उद्विग्न; अशांत	agitated; disturbed, restless.
विक्षेप	पुं.	1. इधर-उधर छितराना या फेंकना; 2. (मन की) चंचलता, (मानसिक) अशांति, बेचैनी, विकलता; 3. बाधा ।	ಬಿಸುಡುವಿಕೆ; ಮನಶ್ಚಾಂಚಲ್ಯ; ಅಡಚಣೆ	बिसुडुविके; मनश्चांचल्य; अडचणे	scattering; bewilderment, restlessness (mental), confusion; hindrance.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विक्षोभ	पुं.	1. उद्विग्नता, खिन्नता, विकलता, बेचैनी;	ಮಾನಸಿಕ ಅಶಾಂತಿ;	मानसिक अशांति;	agitation, perturbation;
		2. उथल-पुथल, अस्त-व्यस्तता, अशांति;	ಅಸ್ತವ್ಯಸ್ತತೆ;	अस्तव्यस्तते;	disorder, disturbance;
		3. (मानसिक) चंचलता, अस्थिरता, अशांति ।	ಮನಸ್ಥೈರ್ಯವಿಲ್ಲದಿರುವಿಕೆ	मनस्थैर्य विल्लदिरुविके	mental restlessness.
विखंडन	पुं.	बहुत छोटे-छोटे, टुकड़ों या अंशों में विभाजित या परिवर्तित करना, टुकड़े-टुकड़े करना ।	ತುಂಡುತುಂಡು ಮಾಡುವಿಕೆ, ತುಂಡರಿಸುವಿಕೆ	तुंडुतुंडु माडुविके, तुंडरिसुविके	fragmentation.
विखंडित	वि.	1. जिसका विखंडन हुआ हो या किया गया हो; बहुत छोटे-छोटे खंडों-टुकड़ों या अंशों में विभाजित या परिवर्तित;	ತುಂಡು ತುಂಡಾಗಿ ಭಾಗ ಮಾಡಿದ;	तुंडुतुंडागि भाग माडिद;	fragmented;
		2. टुकड़े-टुकड़े किया हुआ ।	ತುಂಡರಿಸಿದ	तुंडरिसिद	divided into pieces.
विख्यात	वि.	प्रसिद्ध, मशहूर, विश्रुत ।	ಪ್ರಸಿದ್ಧ	प्रसिद्ध	famous, well-known.
विख्यापन	पुं.	1. सार्वजनिक रूप से घोषणा करना;	ಸಾರ್ವಜನಿಕ ಘೋಷಣೆ;	सार्वजनिक घोषणे;	public declaration or pronouncement;
		2. प्रसिद्ध करना, मशहूर करना ।	ಪ್ರಸಿದ್ಧಗೊಳಿಸುವಿಕೆ	प्रसिद्धगॊळिसुविके	making known or famous.
विगणन	पुं.	1. हिसाब लगाना, लेखा करना;	ಲೆಕ್ಕಿಸುವಿಕೆ;	लॆक्किसुविके;	calculation;
		2. ऋण से मुक्त होना	ಋಣಮುಕ್ತಿ ಹೊಂದುವಿಕೆ	ऋणमुक्ति हॊंदुविके	paying off a debt.
विगत	वि.	1. बीता हुआ, गत;	ಕಳೆದುಹೋದ;	कळॆदुहोद;	past;
		2. गत से ठीक पहले का, पिछला;	ಹಿಂದಿನ;	हिंदिन;	last;
		3. जो किसी बात से रहित या हीन हो चुका हो (समास में) ।	ಹೊರತಾದ	हॊरताद	destitute or deprived of.
विगर्हणा	स्त्री.	निन्दा ।	ನಿಂದೆ	निंदे	censure, reproach.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विगर्हणीय	वि.	निन्दनीय ।	ನಿಂದನೀಯ	निंदनीय	deserving censure or reproach.
विगलन	पुं.	1. पूरी तरह से गलना या घुलना;	ಕರಗುವಿಕೆ;	करगुविकॆ;	dissolution;
		2. मन का आर्द्र होना, दुखित होना;	ಮನ ಕರಗುವಿಕೆ;	मन करगुविकॆ;	melting of heart;
		3. नाश या लोप होना ।	ಕಾಣದಾಗುವಿಕೆ	काणदागुविकॆ	disappearance.
विगलित	वि.	1. गला हुआ, पिघला हुआ;	ಕರಗಿದ;	करगिद;	dissolved;
		2. द्रवित, आर्द्र (मन);	(ಮನಸ್ಸು) ಕರಗಿದ;	(मनस्सु) करगिद;	melted (heart);
		3. नष्ट, लुप्त ।	ಕಾಣದಾದ	काणदाद	disappeared, gone away.
विग्रह	पुं.	1. यौगिक शब्दों या समस्त पदों के किसी एक या प्रत्येक शब्द को अलग करना (व्याकरण);	(ವ್ಯಾಕರಣ) ಪದ ವಿಭಾಗ, ವಿಗ್ರಹ;	(व्याकरण) पदविभाग, विग्रह;	(in gram.) a portion of a compound word, analysis;
		2. लड़ाई-झगड़ा, वैर-विरोध;	ಜಗಳ, ವಿರೋಧ;	जगळ, विरोध;	quarrel, discord;
		3. युद्ध, समर;	ಯುದ್ಧ;	युद्ध;	war, battle;
		4. आकृति, सूरत;	ಆಕಾರ	आकार;	shape, form;
		5. देह, शरीर;	ಶರೀರ;	शरीर;	body;
		6. प्रतिमा, मूर्ति ।	ವಿಗ್ರಹ, ಮೂರ್ತಿ;	विग्रह, मूर्ति	statue, idol.
विघटन	पुं.	1. किसी वस्तु के संयोजक अंगों का अलग होना;	ವಸ್ತುವಿನ ಅಂಗಗಳನ್ನು ಬೇರ್ಪಡಿಸುವಿಕೆ;	वस्तुविन अंगगळन्नु बेर्पडिसुविकॆ;	breaking up;
		2. नष्ट होना ।	ನಾಶ	नाश	destruction, ruin.
विघटित	वि.	1. जिसके संयोजक अंग अलग-अलग किए गए हों, तोड़ा-फोड़ा हुआ;	ಬೇರ್ಪಡಿಸಲ್ಪಟ್ಟ;	बेर्पडिसल्पट्ट;	shattered, broken;
		2. नष्ट किया हुआ;	ನಾಶಗೊಳಿಸಲ್ಪಟ್ಟ;	नाशगॊळिसल्पट्ट;	ruined;
		3. (संस्था आदि) जिसे भंग कर दिया गया हो ।	(ಸಂಘ,ಸಂಸ್ಥೆ) ಮುಚ್ಚುವಿಕೆ	(संघ,संस्थॆ) मुच्चुविकॆ	dissolved (organisation, etc.)
विघातक	वि.	1. विनाशक, नाशक;	ನಾಶಕಾರಿ;	नाशकारि;	destructive, ruinous;
		2. बाधा पहुंचानेवाला, विघ्नोत्पादक, हानिकर ।	ಹಾನಿಕಾರಕ	हानिकारक	impeding, interrupting, harmful.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विघ्न	पुं.	अड़चन, बाधा ।	ಅಡ್ಡಿ, ಅಡಚಣೆ	अड्डि, अडचणॆ	obstacle, impediment, disturbance, hindrance, obstruction.
विघ्नकारी	वि.	बाधा उपस्थित करनेवाला, विघ्न डालनेवाला, बाधक ।	ಅಡಚಣೆಯನ್ನುಂಟು ಮಾಡುವ, ಅಡ್ಡಿ ಮಾಡುವ	अडचणॆयन्नुंटु-माडुव, अड्डि माडुव	causing any obstacle or interruption, impeding, hindering, disturbing.
विलक्षण	वि.	1. तीव्र दृष्टिवाला, दूरदर्शी;	ತೀವ್ರ ದೃಷ್ಟಿಯ, ದೂರದರ್ಶಿ;	तीव्र दृष्टिय, दूरदर्शि;	clear sighted, far seeing, circumspect;
		2. बुद्धिमान्, समझदार;	ಒಳ್ಳೆಯ ತಿಳಿವಳಿಕಸ್ತ;	ओ‌ळ्ळॆय तिळिवळिकस्त;	wise, intelligent;
		3. कुशल, दक्ष ।	ದಕ್ಷ	दक्ष	skilful, clever.
विचरण	पुं.	घूमना-फिरना, चलना-फिरना, सैर ।	ಸಂಚರಿಸುವಿಕೆ, ಓಡಾಟ	संचरिसुविकॆ, ओडाट	wandering, walk.
विचरना	अ. क्रि.	घूमना-फिरना, चलना-फिरना, फिरना ।	ಸಂಚರಿಸು, ಓಡಾಡು	संचरिसु, ओडाडु	to wander, to walk.
विचल	वि.	1. जो बराबर हिलता रहता हो;	ಚಲಿಸುತ್ತಿರುವ;	चलिसुत्तिरुव;	moving;
		2. अस्थिर;	ಅಸ್ಥಿರವಾದ;	अस्थिरवाद;	unfixed, movable;
		3. अपने मार्ग, स्थान, प्रतिज्ञा आदि से हटा, गिरा या डिगा हुआ ।	ದಾರಿ, ಸ್ಥಳ, ಪ್ರತಿಜ್ಞೆಗಳ ಅನುಸಾರವಾಗಿರದ	दारि, स्थळ, प्रतिज्ञॆगळ अनुसारवागिरद	unsteady, fickle, fallen.
विचलन	पुं.	1. ठीक या सीधा मार्ग छोड़कर इधर-उधर होना, पथ से भ्रष्ट होना;	ಹಾದಿ ತಪ್ಪುವಿಕೆ, ಪಥಭ್ರಷ್ಟತೆ;	हादि तप्पुविकॆ, पथभ्रष्टतॆ;	deviation;
		2. अपने कार्य, निश्चय, विचार आदि पर दृढ़ न रहना, अस्थिरता ।	ತನ್ನ ಸಿದ್ಧಾಂತ,ಕಾರ್ಯ, ವಿಚಾರಗಳ ವಿಷಯದಲ್ಲಿನ ಅಸ್ಥಿರತೆ	तन्न सिद्धांत, कार्य, विचारगळ विषयदल्लिन अस्थिरतॆ	unsteadiness, fickleness.
विचलित	वि.	1. अपनी प्रतिज्ञा, सिद्धांत, स्थान आदि से हटा हुआ;	ವಿಚಲಿತವಾದ;	विचलितवाद;	moved or deviated (from promise, principle or place);
		2. अस्थिर, चंचल;	ಚಂಚಲ;	चंचल;	unsteady, fickle;
		3. विकल, बेचैन ।		अशांत	troubled, disturbed, restless.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विचार	पुं.	1. मन ही मन तर्क-वितर्क करके कुछ सोचने या समझने की क्रिया या भाव, चिन्तन, मनन;	ಚಿಂತನೆ;	चिंतनॆ;	thinking, deliberation, pondering;
		2. सोच-समझकर स्थिर की हुई भावना, ख्याल, मत, राय, धारणा;	ಯೋಚಿಸಿ ನಿಷ್ಕರ್ಷಿಸಿದ ಭಾವನೆ;	योचिसि निष्कर्षिसिद भावनॆ;	view, thought, idea;
		3. कोई प्रश्न सामने आने पर उसके संबंध में कुछ निर्णय करने से पहले उसके सब अंग अच्छी तरह तर्क करते हुए देखना या समझना;	ಸಮಸ್ಯೆಯ ಬಗ್ಗೆ ವಿಚಾರ ಮಾಡುವಿಕೆ;	समस्यॆय बग्गॆ विचार माडुविकॆ;	consideration;
		4. विवादास्पद विषय के संबंध में कुछ निश्चय करने से पहले किसी न्यायालय या विचारशील व्यक्ति के द्वारा होनेवाली सब अंगों और बातों की जांच-पड़ताल, फैसले के लिए मुकदमे की सुनवाई ।	(ನ್ಯಾಯಾಲಯದಲ್ಲಿ) ವಿಚಾರಣೆ	(न्यायालयदल्लि) विचारणॆ	trial.
विचारक	वि. पुं.	1. विचार करनेवाला, चिन्तन-मनन करनेवाला;	ವಿಚಾರಶೀಲ, ಚಿಂತನಶೀಲ;	विचारशील, चिंतनशील;	thinker;
		2. न्यायकर्ता ।	ನ್ಯಾಯಾಧೀಶ	न्यायाधीश	judge.
विचारगोष्ठी	स्त्री.	विद्वानों या विशेषज्ञों की वह गोष्ठी जो किसी विशिष्ट विषय पर विचार करने के लिए बुलाई गई हो ।	ವಿಚಾರಗೋಷ್ಠಿ	विचारगोष्ठि	seminar.
विचारणा	स्त्री.	1. विचार करने की क्रिया या भाव;	ವಿಚಾರ ಮಾಡುವಿಕೆ;	विचार माडुविकॆ;	thinking, deliberation;
		2. सोची-विचारी हुई बात;	ವಿಚಾರ ಮಾಡಿದ ಅಭಿಪ್ರಾಯ;	विचार माडिद, अभिप्राय;	view, opinion;
		3. कोई काम करने से पहले यह सोचना कि यह काम करना चाहिए या नहीं अथवा हम से हो सकेगा या नहीं ।	ಕಾರ್ಯಾರಂಭಕ್ಕೆ ಮುಂಚಿತವಾಗಿ ಹಿಂದು ಮುಂದು ನೋಡುವಿಕೆ	कार्यारंभक्कॆ मुंचितवागि हिंदु मुंदु नोडुविकॆ	hesitation.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विचारणीय	वि.	1. जिस पर विचार करना उचित हो या विचार किया जाने को हो, चिंत्य; 2. संदिग्ध ।	ವಿಚಾರಣೀಯ	विचारणीय	needing considera-tion or deliberation; doubtful.
विचारधारा	स्त्री.	विचारों का प्रवाह, सिद्वांत ।	ವಿಚಾರಧಾರೆ	विचारधारॆ	ideology.
विचारना	अ. क्रि.	1. विचार करना, सोचना-समझना, गौर करना; 2. जानने के लिए किसी से कुछ पूछना ।	ಯೋಚಿಸು, ವಿಚಾರ ಮಾಡು; ವಿಚಾರಿಸಿ ತಿಳಿ	योचिसु, विचार माडु; विचारिसि तिळि	to think, deliberate; to investigate, enquire.
विचारवान	वि.	सोचने-विचारनेवाला, विचारशील ।	ವಿಚಾರವಂತ	विचारवंत	one who thinks or deliberates, thoughtful, considerate.
विचारशील	वि.	जिसमें किसी विषय पर अच्छी तरह सोचने या विचारने की शक्ति हो ।	ವಿಚಾರಶೀಲ	विचारशील	disposed to deliberation or reflection, considerate, deliberative, reflective, thoughtful.
विचारशीलता	स्त्री.	विचारशील होने की अवस्था या भाव ।	ವಿಚಾರಶೀಲತೆ	विचारशीलतॆ	thoughtfulness, deliberativeness, reflection.
विचाराधीन	वि.	1. (बात या विषय) जिस पर अभी विचार हो रहा हो; 2. जिसके संबंध में न्यायालय में अभी मुकदमा चल रहा हो, न्यायाधीन ।	ವಿಚಾರಾಧೀನ (ವಿಷಯ); ನ್ಯಾಯಾಧೀನ	विचाराधीन (विषय); न्यायाधीन	under consideration; sub-judice.
विचित्र	वि.	1. अजीब, अनोखा; 2. असाधारण, विलक्षण और नया; 3. मन में कुतूहल उत्पन्न करनेवाला; 4. चकित या विस्मित करनेवाला ।	ವಿಚಿತ್ರ	विचित्र	unusual, strange; peculiar, queer; curious, wonderful; surprising.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विचित्रता	स्त्री.	1. विचित्र होने की अवस्था या भाव, अनोखापन, अजीबपन;	ವಿಚಿತ್ರತೆ	विचित्रतॆ	unusualness, strangeness, wonderfulness;
		2. विलक्षणता, असाधारणता ।			peculiarity.
विच्छिन्न	वि.	1. जो काट या छेदकर अलग कर दिया गया हो;	ಕತ್ತರಿಸಿದ;	कत्तरिसिद;	cut off or split;
		2. जिसका अपने मूल अंग के साथ कोई संबंध न रह गया हो;	ಮೂಲದಿಂದ ಬೇರ್ಪಟ್ಟ;	मूलदिंद बेर्पट्ट;	torn asunder;
		3. अलग, जुदा;	ಬೇರೆಯಾಗಿರುವ;	बेरॆयागिरुव;	separate;
		4. जिसका अंत हो चुका हो या कर दिया गया हो ।	ಕೊನೆಗೊಂಡ	कॊनॆगॊंड	ceased, ended.
विच्छेद	पुं.	1. काट या छेदकर अलग करने की क्रिया;	ಕತ್ತರಿಸುವಿಕೆ;	कत्तरिसुविकॆ;	cutting, splitting;
		2. खंडित या अलग होना, संबंध न रह जाना, भग्न होना;	ಕೊನೆಗಾಣಿಸುವಿಕೆ;	कॊनॆगाणिसुविकॆ;	brokenness, break;
		3. अलगाव, पार्थक्य;	ಬೇರ್ಪಟ್ಟಿರುವಿಕೆ;	बेर्पट्टिरुविकॆ;	separation;
		4. नाश, बरबादी ।	ನಾಶ	नाश	cessation, end.
विछोह	पुं.	ऐसी अवस्था जिसमें प्रिय के विदेश चले जाने पर उससे संयोग न होता हो, वियोग ।	ವಿರಹ	विरह	separation.
विजन	वि.	1. सुनसान, एकांत;	ಏಕಾಂತ, ಜನಹೀನ;	एकांत, जनहीन;	desolate;
		2. निर्जन, गैर-आबाद ।	ಜನ ನಿವಾಸವಿಲ್ಲದ	जन निवासविल्लद	uninhabited.
विजनता	स्त्री.	1. एकांतता;	ಏಕಾಂತತೆ	एकांततॆ;	solitude, loneliness;
		2. निर्जनता ।	ನಿರ್ಜನವಾದ ಪ್ರದೇಶ	निर्जनवाद प्रदेश	absence of inhabitation, wilderness.
विजय	स्त्री.	1. शत्रु या प्रतिस्पर्धी को हराने पर होनेवाली जीत;	ಗೆಲುವು, ಜಯ;	गॆलुवु, जय;	victory, conquest;
		2. सफलता, कामयाबी ।	ಸಫಲತೆ	सफलतॆ	success.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विजय-पताका	स्त्री.	जीत के समय फहराई जाने-वाली सेना की पताका ।	ಜಯಧ್ವಜ	जयध्वज	triumphal flag.
विजयश्री	स्त्री.	विजय की अधिष्ठात्री देवी, जिसकी कृपा पर विजय निर्भर मानी जाती है, विजय-लक्ष्मी ।	ವಿಜಯಕ್ಕೆ ಕಾರಣವಾದ ದೇವಿ, ವಿಜಯಲಕ್ಷ್ಮಿ	विजयक्कॆ कारणवाद देवि, विजयलक्ष्मि	the goddess of victory.
विजया	स्त्री.	भांग, भंग ।	ಅಫೀಮು ಬಂಗಿ ಸೊಪ್ಪು	अफीमु, बंगि सॊप्पु	hemp, **cannabis sativa.**
विजया-दशमी	स्त्री.	आश्विन मास के शुक्ल पक्ष की दशमी जो हिन्दुओं का बहुत बड़ा त्योहार मानी जाती है ।	ವಿಜಯದಶಮಿ	विजयदशमि	famous Dussehra festival of Hindus which falls on the tenth day of the bright half of Asvina.
विजयी	वि.	1. जीतनेवाला, विजय प्राप्त करनेवाला; 2. सफलता प्राप्त करने-वाला ।	ಜಯಗಳಿಸಿದ; ಸಫಲತೆಯನ್ನು ಪಡೆದ	जयगळिसिद; सफलतॆयन्नु पडॆद	conquering, victorious; successful.
विजाति	स्त्री.	दूसरी या भिन्न जाति ।	ಬೇರೆ ಜಾತಿ, ಕುಲ	बेरॆ जाति, कुल	different caste or tribe or kind.
विजातीय	वि.	भिन्न जाति का, पराई जाति का ।	ಬೇರೆ ಜಾತಿಯ	बेरॆ जातिय	of different caste or tribe or kind.
विजिगीषा	स्त्री.	विजय पाने की इच्छा ।	ಜಯಿಸ ಬೇಕೆಂಬ ಇಚ್ಛೆ	जयिस बेकॆंब इच्छॆ	desire to conquer.
विजित	वि.	जिस पर विजय पाई गई हो, जिसे जीता गया हो ।	ಜಯಿಸಲ್ಪಟ್ಟ,	जयिसल्पट्ट	conquered, defeated.
विजेता	पुं.	जीतनेवाला, विजयी ।	ವಿಜಯಿ, ಗೆದ್ದವ	विजयि, गॆद्दव	conqueror, victor.
विज्ञ	वि.	किसी विषय का बहुत बड़ा जानकार, विद्वान, विशेषज्ञ ।	ಯಾವುದಾದರೊಂದು ವಿಷಯದಲ್ಲಿ ವಿಶೇಷಜ್ಞ	यावुदादरॊंदु विषयदल्लि विशेषज्ञ	proficient in or conversant with any particular subject, expert.
विज्ञप्ति	स्त्री.	किसी अधिकारी या उसके कार्यालय की ओर से निकलने-वाली ऐसी सूचना जिसमें	ವಿಜ್ಞಪ್ತಿ, ಸ್ಪಷ್ಟವಾದ ಸೂಚನೆ	विज्ञप्ति, स्पष्टवाद सूचनॆ	notice, communique.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		किसी बात या विषय का स्पष्टीकरण हो ।			
विज्ञात	वि.	1. जाना हुआ, समझा हुआ;	ಮನವರಿಕೆಯಾದ;	मनवरिकॆयाद;	known, understood, perceived;
		2. प्रसिद्ध, मशहूर ।	ಪ್ರಸಿದ್ಧವಾದ	प्रसिद्धवाद	well-known, celebrated, famous.
विज्ञान	पुं.	1. आविष्कृत सत्यों तथा प्राकृतिक नियमों पर आधारित क्रमबद्ध तथा व्यवस्थित ज्ञान;	ವಿಜ್ಞಾನ	विज्ञान	science;
		2. ज्ञान, जानकारी ।			knowledge.
विज्ञानी	वि.	ज्ञानी, वैज्ञानिक ।	ಜ್ಞಾನಿ, ವೈಜ್ಞಾನಿಕ	ज्ञानि, वैज्ञानिक	having knowledge, scientist.
विज्ञापक	वि.	दूसरों को जानकारी देनेवाला ।	ತಿಳಿವಳಿಕೆ ಕೊಡುವ	तिळवळिकॆ कॊडुव	one or what makes known.
	पुं.	समाचारपत्रों आदि में विज्ञापन छपानेवाला, विज्ञापनदाता ।	ಜಾಹಿರಾತು ಕೊಡುವಾತ	जाहिरातु कॊडुवात	advertiser.
विज्ञापन	पुं.	1. प्रचार, बिक्री, लोगों की जानकारी आदि के लिए किसी बात या वस्तु के संबंध में पत्रों आदि में प्रकाशित कराई जानेवाली सूचना;	ಜಾಹಿರಾತು, ಪ್ರಕಟಣೆ;	जाहिरातु, प्रकटणॆ	advertisement;
		2. प्रचार आदि के उद्देश्य से बांटा जानेवाला सूचना-पत्र, इश्तहार;	ಕರಪತ್ರ;	करपत्र;	handbill;
		3. सब लोगों को कोई बात जतलाने या बतलाने की क्रिया या भाव, जानकारी कराना, सूचित करना ।	ಸೂಚನೆ	सूचनॆ	announcement.
विज्ञापित	वि.	1. जिसके संबंध में विज्ञापन प्रकाशित हो चुका हो;	ಜಾಹಿರಾತಾದ;	जाहिरातादा;	advertised;
		2. जिसकी सूचना दी जा चुकी हो या जो बतलाया जा चुका हो ।	ಪ್ರಕಟಿಸಲ್ಪಟ್ಟ	प्रकटिसलपट्ट	informed, made known.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विटप	पुं.	पेड़, वृक्ष ।	ಮರ	मर	tree.
विडंबना	स्त्री.	1. वह हंसी-मजाक जो किसी को चिढ़ाने या अपमानित करने के लिए किया जाए, क्रूर परिहास;	ಕ್ರೂರ ಹಾಸ್ಯ;	क्रूर हास्य	mockery, scoff, vexation;
		2. असंगति ।	ಅಸಂಗತಿ	असंगति	anomaly.
वितंडा	पुं.	1. छिद्रान्वेषण के विचार से की जानेवाली आपत्ति, आलोचना, विरोध, निरर्थक दलील;	ವಿತಂಡವಾದ;	वितंडवाद;	cavil, captious, objection, hypercriticism;
		2. दूसरे के पक्ष को दबाते हुए अपने मत की स्थापना करना;	ತನ್ನ ವಿಚಾರಗಳನ್ನು ಇತರರ ಮೇಲೆ ಹೇರುವಿಕೆ;	तन्न विचारगळन्नु इतरर मेले हेरुविके;	assertion of one's own point;
		3. व्यर्थ की कहा-सुनी, झगड़ा ।	ವ್ಯರ್ಥ ಚರ್ಚೆ, ಜಗಳ	व्यर्थ चर्चे, जगळ	wrangling.
वितंडावाद	पुं.	निरर्थक दलील का सहारा लेना ।	ವಿತಂಡವಾದ	वितंडवाद	dependence upon cavil or hypercriticism.
वितरक	पुं.	वितरण करनेवाला, बाँटने-वाला, वह व्यक्ति या संस्था जो किसी उत्पादक संस्था की वस्तुओं की बिक्री आदि का प्रबन्ध करती हो ।	ಹಂಚುವವ, ಹಂಚಿಕೆದಾರ	हंचुवव, हंचिकेदार	distributor.
वितरण	पुं.	1. बाँटना; 2. राशि की अदायगी; 3. भुगतान ।	ಹಂಚಿಕೆ, ಬಟವಾಡೆ	हंचिके, बटवाडे	distribution; disbursement; delivery.
वितरित	वि.	1. जिसका वितरण किया गया हो, बाँटा हुआ;	ಹಂಚಲ್ಪಟ್ಟ;	हंचल्पट्ट;	distributed;
		2. जिसकी अदायगी हो गई हो, भुगतान किया हुआ;	ಬಟವಾಡೆ ಮಾಡಲ್ಪಟ್ಟ;	बटवाडे माडल्पट्ट;	disbursed;
		3. सुपुर्द किया हुआ, दिया हुआ ।	ಹಂಚಿಕೆಯಾದ	हंचिकेयाद	delivered.
वितर्क	पुं.	1. किसी के तर्क का खंडन करने के लिए उसके विपरीत उपस्थित किया जानेवाला तर्क;	ತರ್ಕಕ್ಕೆ ಬದಲು ತರ್ಕ, ಸವಾಲಿಗೆ ಸವಾಲು;	तर्कक्के बदलु तर्क, सवालिगे सवालु;	counter-argument;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. असमंजस की स्थिति, सन्देह ।	ಅಸಮಂಜಸವಾದ ಸ್ಥಿತಿ, ಸಂದೇಹ	असमंजसवाद स्थिति, संदेह	state of uncertainty.
वितान	पुं.	1. फैलाव, विस्तार;	ವಿಸ್ತಾರ ;	विस्तार;	expansion, extension;
		2. ऊपर से फैलाई जाने-वाली चादर, चँदोवा;	ಚಪ್ಪರದ ಮೇಲೆ ಹಾಸುವ ಬಟ್ಟೆ;	चप्परद मेले हासुव बट्टे;	canopy;
		3. शून्य स्थान, खाली जगह ।	ಖಾಲಿ ಜಾಗ	खालि जाग	vacuum, empty space.
वितृष्णा	स्त्री.	विरक्ति, घृणा, अरुचि ।	ಅರುಚಿ	अरुचि	disinclination, aversion, indifference.
वित्त	पुं.	1. धन, संपत्ति;	ಸಂಪತ್ತು, ಐಶ್ವರ್ಯ	संपत्तु, ऐश्वर्य;	wealth, property;
		2. राज्य, संस्था आदि के आय-व्यय आदि की मद या विभाग और उसकी व्यवस्था ।	ಅರ್ಥವ್ಯವಸ್ಥೆ	अर्थव्यवस्थे	finance.
वित्तीय	वि.	वित्त संबंधी, वित्त का ।	ಆರ್ಥಿಕ	आर्थिक	financial.
वित्तीय वर्ष	पुं.	किसी देश की वित्तीय व्यवस्था की दृष्टि से नियत किया हुआ बारह महीनों का समय या वर्ष ।	ಆರ್ಥಿಕ ವರ್ಷ	आर्थिक वर्ष	financial year.
विदग्ध	वि.	1. जिसने किसी विषय का अच्छा या पूरा ज्ञान प्राप्त कर लिया हो, पंडित, विद्वान;	ವಿದ್ವಾಂಸನಾದ;	विद्वासनाद;	learned;
		2. चतुर, निपुण, नागर;	ನಿಪುಣ;	निपुण;	skilled;
		3. जला हुआ ।	ಸುಡಲ್ಪಟ್ಟ	सुडल्पट्ट	burnt.
विदग्धता	स्त्री.	1. विद्वता, पांडित्य;	ಪಾಂಡಿತ್ಯ;	पांडित्य;	learnedness;
		2. निपुणता, कुशलता ।	ನೈಪುಣ್ಯ	नैपुण्य	skill.
विदा	स्त्री.	1. रवाना होना, प्रस्थान;	ಬೀಳ್ಕೊಡುಗೆ;	बीळ्कॊडुगॆ;	parting;
		2. कहीं से चलने के लिए मिली हुई अनुमति ।	ಹೊರಡಲು ಅನುಮತಿ	हॊरडलु अनुमति	permission to leave.
विदाई	स्त्री.	1. विदा होने की क्रिया या भाव, प्रस्थान;	ಹೊರ ಹೊರಡುವಿಕೆ;	हॊर हॊरडुविकॆ;	act of parting, leaving;
		2. विदा होने के लिए मिली हुई अनुमति;	ಹೊರಡುವ ಅನುಮತಿ;	हॊरडुव अनुमति;	permission to part or leave;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. विदा होने के समय मिलनेवाला उपहार या धन;	ಹೊರಡುವಾಗ ಕೊಡುವ ಉಪಹಾರ;	होरडुवाग कोडुव उपहार;	gift or money received at the time of parting;
		4. किसी के विदा होने के समय उसके प्रति शुभ कामना प्रकट करने आदि के लिए लोगों का एकत्र होना ।	ಬೀಳ್ಕೊಡುಗೆಯು ಶುಭ ಕಾಮನೆ	बीळ्कोडुगेय शुभ कामने	farewell.
विदारक	वि.	विदारण करनेवाला, विदीर्ण करनेवाला, फाड़नेवाला ।	ಹರಿದು ಸೀಳುವಂತಹ	हरिदु सीळुवंतह	tearer.
विदारण	पुं.	फाड़ना	ಸೀಳುವಿಕೆ	सीळुविके	tearing.
विदित	वि.	जाना हुआ, अवगत ।	ಅರಿತ	अरित	known, learnt.
विदीर्ण	वि.	1. जिसे फाड़ा गया हो; 2. टूटा या तोड़ा हुआ ।	ಹರಿದ, ಸೀಳಿದ; ಒಡೆದ, ಮುರಿದ	हरिद, सीळिद; ओडेद, मुरिद	torn; broken.
विदुषी	स्त्री.	विद्वान् स्त्री ।	ವಿದುಷಿ, ವಿದ್ಯಾವಂತೆ	विदुषि, विद्यावंते	wise or learned woman.
विदूषक	पुं.	1. अपने वेष, चेष्टा, बातचीत आदि से अथवा ढोंग रचकर और दूसरों की नकल उतारकर लोगों को हंसानेवाला, मसखरा;	ಹಾಸ್ಯಗಾರ, ಹಾಸ್ಯನಟ	हास्यगार, हास्यनट	jester, buffoon;
		2. प्राय: नाटकों में इस प्रकार का एक पात्र जो नायक का अंतरंग मित्र या सखा होता है तथा जिसकी सूरत-शक्ल, हावभाव, बातें आदि सबको हंसाने वाली होती हैं ।			(in the drama) the jocose companion and confidential friend of the principal character or hero of the play.
विदेश	पुं.	स्वदेश से भिन्न कोई दूसरा देश ।	ಪರದೇಶ	परदेश	foreign country, another country.
विदेशनीति	स्त्री.	दूसरे देशों की सरकारों से स्थापित किए जानेवाले	ವಿದೇಶ ನೀತಿ	विदेश नीति	foreign policy.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		राजनयिक संबंधों से संबंधित नीति, परराष्ट्र नीति ।			
विदेशी	वि.	1. दूसरे देश का; 2. विदेश में बननेवाला ।	ಪರದೇಶದ	परदेशद	of another country; foreign made.
	पुं.	विदेश अर्थात् दूसरे देश का निवासी ।	ಅನ್ಯದೇಶ ವಾಸಿ, ವಿದೇಶಿ	अन्यदेश वासि, विदेशि	foreigner.
विदेह	वि.	1. देहरहित, शरीर से रहित;	ದೇಹರಹಿತ;	देहरहित;	without body, bodiless, incorporeal;
		2. शारीरिक चिंताओं आदि से रहित;	ಶರೀರದ ಬಗ್ಗೆ ಚಿಂತಿಸದ;	शरीरद बग्गॆ चिंतिसद;	free from bodily anxieties;
		3. सांसारिक बातों से विरक्त ।	ವಿರಕ್ತ	विरक्त	averse to or free from worldly affairs.
विद्	वि.	जाननेवाला, ज्ञाता (समास में) ।	ತಿಳಿದವ	तिळिदव	knowing, conversant with.
विद्ध	वि.	1. छेदा हुआ, बेधा हुआ;	ಇರಿಯಲ್ಪಟ್ಟ, ತಿವಿಯಲ್ಪಟ್ಟ;	इरियल्पट्ट, तिवियल्पट्ट;	pierced, penetrated;
		2. घायल ।	ಗಾಯಗೊಂಡ	गायगॊंड	injured, wounded.
विद्यमान	वि.	1. जो अस्तित्व में हो, वर्तमान;	ಅಸ್ತಿತ್ವದಲ್ಲಿರುವ ;	अस्तित्वदल्लिरुव;	being in existence, existent;
		2. उपस्थित, मौजूद ।	ಹಾಜರಿರುವ	हाजरिरुव	present.
विद्यमानता	स्त्री.	1. अस्तित्व; 2. उपस्थिति ।	ಇರುವಿಕೆ; ಹಾಜರಿರುವಿಕೆ	इरुविकॆ; हाजरिरुविकॆ	existence; presence.
विद्या	स्त्री.	1. ज्ञान, इल्म्;	ಜ್ಞಾನ;	ज्ञान;	knowledge, learning;
		2. शिक्षा;	ಶಿಕ್ಷಣ, ವಿದ್ಯೆ;	शिक्षण, विद्यॆ;	education;
		3. किसी तथ्य या विषय का व्यवस्थित ज्ञान, विज्ञान;	ವಿಜ್ಞಾನ;	विज्ञान;	science;
		4. चातुर्ययुक्त ज्ञान, कौशल ।	ಕೌಶಲತೆ	कुशलतॆ	skill.
विद्यादान	पुं.	किसी को विद्या देना या सिखाना ।	ವಿದ್ಯಾದಾನ	विद्यादान	the imparting of knowledge, teaching.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विद्यापीठ	पुं.	**1. शिक्षा का बड़ा और प्रमुख केन्द्र;**	ವಿದ್ಯಾಪೀಠ;	विद्यापीठ;	great centre of education, seat of learning;
		2. ऐसा विद्यालय जिसमें ऊंचे दरजे की शिक्षा दी जाती हो, महाविद्यालय ।	ಮಹಾವಿದ್ಯಾಲಯ	महाविद्यालय	college.
विद्याभ्यास	पुं.	**विद्याध्ययन, अध्ययन ।**	ವಿದ್ಯಾಭ್ಯಾಸ	विद्याभ्यास	practice or pursuit of learning.
विद्यारंभ	पुं.	**बालक को विद्या की पढ़ाई आरम्भ कराने का संस्कार ।**	ವಿದ್ಯಾರಂಭ	विद्यारंभ	introduction of child to learning.
विद्यार्जन	पुं.	**विद्या की प्राप्ति, अध्ययन ।**	ವಿದ್ಯಾರ್ಜನೆ	विद्यार्जने	acquisition of knowledge, pursuit of learning, study.
विद्यार्थी	पुं.	**1. विद्या पढ़नेवाला, शिक्षा-संस्था में अध्ययन करने-वाला, छात्र, शिष्य;**	ಶಿಷ್ಯ;	शिष्य;	student, pupil;
		2. वह व्यक्ति जो सदा कुछ न कुछ और किसी न किसी विषय में जानने-सीखने को लालायित तथा प्रयत्नशील रहता है ।	ವಿದ್ಯಾರ್ಥಿ	विद्यार्थि	studious, scholar.
	वि.	**विद्या प्राप्ति का इच्छुक ।**	ವಿದ್ಯೆ ಕಲಿಯುವುದರಲ್ಲಿ ಆಸಕ್ತನಾದ	विद्ये कलियुवुद-रल्लि आसक्तनाद	eager to learn.
विद्यालय	पुं.	**ऐसी शिक्षण संस्था जिसमें नियमित रूप से विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों को शिक्षा दी जाती है ।**	ವಿದ್ಯಾಲಯ	विद्यालय	school.
विद्युत्	स्त्री.	बिजली ।	ಮಿಂಚು, ವಿದ್ಯುಚ್ಛಕ್ತಿ	मिंचु, विद्युच्छक्ति	lightning, electricity.
विद्रुम	पुं.	1. प्रवाल, मूंगा;	ಹವಳ;	हवळ;	coral;
		2. वृक्षों का नया पत्ता, कोंपल ।	ಚಿಗುರು	चिगुरु	young sprout or shoot.
विद्रूप	वि.	विरूप, कुरूप, बदसूरत ।	ಕುರೂಪ, ರೂಪಗೆಟ್ಟ	कुरूप, रूपगॆट्ट	disfigured, ugly.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विद्रोह	पुं.	राज्य या शासन के प्रति अविश्वास या दुर्भाव उत्पन्न होने पर उसकी आज्ञा, विधान आदि के विरुद्ध किया जानेवाला आचरण और व्यवहार, देश या राज्य में क्रांति के लिए किया जानेवाला उपद्रव ।	ವಿದ್ರೋಹ	विद्रोह	rebellion, revolt.
विद्रोही	वि.	1. विद्रोह संबंधी;	ವಿದ್ರೋಹಿ	विद्रोहि	relating to rebellion;
		2. विद्रोह के रूप में होनेवाला ।			rebellious.
	पुं.	विद्रोह करनेवाला ।			rebel.
विद्वत्ता	स्त्री.	पांडित्य ।	ಪಾಂಡಿತ್ಯ	पांडित्य	scholarship, learning.
विद्वान्	वि., पुं.	जिसने अनेक प्रकार की विद्याएं अच्छी तरह पढ़ी हों, पंडित, ज्ञानी ।	ವಿದ್ವಾಂಸ, ಪಂಡಿತ, ಜ್ಞಾನಿ	विद्वांस, पंडित, ज्ञानि	scholar, learned.
विद्वेष	पुं.	1. विशेष रूप से किया जानेवाला द्वेष;	ದ್ವೇಷ;	द्वेष;	hostility;
		2. मनोमालिन्य के कारण मन में रहनेवाला वह द्वेष या बैर जिसके फलस्वरूप किसी को नीचा दिखाने या हानि पहुंचाने का प्रयास किया जाता है;	ಹಗೆತನ;	हगॅतन;	spite;
		3. शत्रुता, दुश्मनी ।	ವೈರ	वैर	enmity.
विद्वेषी	वि.	मन में किसी के प्रति विद्वेष रखनेवाला, विद्वेष करनेवाला ।	ಹಗೆತನ ಸಾಧಿಸುವ	हगॅतन साधिसुव	hostile, inimical.
	पुं.	शत्रु ।	ವೈರಿ	वैरि	enemy.
विधर्म	पुं.	1. किसी की दृष्टि से उसके धर्म से भिन्न धर्म, पराया धर्म;	ಬೇರೆ ಧರ್ಮ;	बेरॅ धर्म;	different religion;
		2. धर्मशास्त्र के विरुद्ध मत या सिद्धांत, अपधर्म ।	ಧರ್ಮ ವಿರುದ್ಧವಾದ ನಡತೆ	धर्म विरुद्धवाद नडतॅ	irreligion.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विधर्मी	वि., पुं.	1. अपने धर्म के विपरीत आचरण करनेवाला, धर्मभ्रष्ट;	ವಿಧರ್ಮಿ	विधर्मि	irreligious;
		2. जो किसी दूसरे धर्म का अनुयायी हो;			who follows some different religion;
		3. अपना धर्म छोड़कर कोई दूसरा धर्म अंगीकृत करनेवाला, धर्मपरिवर्तन करनेवाला ।			one who adopts some other religion, convert.
विधवा	स्त्री.	वह स्त्री जिसका धव अर्थात् पति मर गया हो, पतिहीन, बेवा, रांड ।	ವಿಧವೆ	विधवॆ	widow.
विधवाश्रम	पुं.	वह स्थान जहां अनाथ विधवाओं को रखकर उनका पालन-पोषण किया जाता हो ।	ವಿಧವಾಶ್ರಮ	विधवाश्रम	place for widows where they are looked after.
विधा	स्त्री.	1. ढंग, तरीका, रीति;	ರೀತಿ;	रीति;	mode, manner, style;
		2. शैली;	ಶೈಲಿ;	शैलि;	style;
		3. प्रकार, रूप ।	ಪ್ರಕಾರ	प्रकार	kind, form.
विधाता	पुं.	सृष्टि का रचयिता, स्रष्टा, ब्रह्मा ।	ಸೃಷ್ಟಿಕರ್ತ, ಬ್ರಹ್ಮ	सृष्टिकर्त, ब्रह्म	creator, Brahma.
	वि.	1. रचनेवाला, बनानेवाला;	ಸೃಷ್ಟಿ ಮಾಡುವ;	सृष्टि माडुव;	maker;
		2. विधान करनेवाला;	ವಿಧಿಗೊಳಿಸುವ	विधिगॊळिसुव;	legislator, law maker;
		3. प्रबंध करनेवाला, व्यवस्था करनेवाला ।	ವ್ಯವಸ್ಥಾಪಕ	व्यवस्थापक	arranger.
विधान	पुं.	1. राज्य या शासन के द्वारा जारी किया हुआ कोई कानून जिसमें किसी विषय की विधि और निषेध से संबंध रखनेवाली सभी बातें धाराओं के रूप में लिखी रहती हैं, कानून, विधि;	ಕಾನೂನು, ವಿಧಿ;	कानूनु, विधि;	law, regulation;
		2. प्रबंध, व्यवस्था;	ವ್ಯವಸ್ಥೆ;	व्यवस्थॆ;	arrangement;
		3. बनाना, निर्माण, रचना;	ರಚನೆ;	रचनॆ;	making, doing;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		4. किसी चीज या बात का किया जानेवाला उपयोग, प्रयोग या व्यवहार;	ವ್ಯವಹಾರ;	व्यवहार;	use, application;
		5. ढंग, प्रणाली या रीति;	ಪ್ರಣಾಲ, ರೀತಿ;	प्रणालि, रीति;	manner, mode;
		6. बतलाई हुई रीति, प्रणाली या ढंग;	ವಿಧಿಸಿರುವ ಕ್ರಮ;	विधिसरुव क्रम;	prescribed manner, mode;
		7. कायदा, नियम ।	ನಿಯಮ, ಕಾಯಿದೆ	नियम, कायिदे	mode, rule.
विधान-परिषद्	स्त्री.	राज्य की विधान सभा से भिन्न दूसरी बड़ी विधि-निर्मात्री सभा जिसका चुनाव परोक्ष रीति से होता है ।	ವಿಧಾನ ಪರಿಷತ್ತು	विधान परिषत्तु	legislative council.
विधान-मंडल	पुं.	राज्य के संबंध में विधान बनानेवाले दोनों अंगों का सामूहिक नाम और रूप ।	ವಿಧಾನ ಮಂಡಲ	विधान-मंडल	legislature.
विधान-सभा	स्त्री.	किसी देश या राज्य की वह सभा या संस्था, विशेषत: निर्वाचित प्रतिनिधियों की सभा या संस्था जिसे कानून या विधान बनाने का अधिकार होता है ।	ವಿಧಾನ ಸಭೆ	विधान-सभे	legislative assembly.
विधानांग	पुं.	देखें – 'विधान-मंडल' ।	ವಿಧಾನ ಮಂಡಲ	विधान-मंडल	see 'विधान-मंडल'.
विधायक	वि.	1. कार्य का संपादन करनेवाला;	ಕಾರ್ಯ ನಿರ್ವಾಹಕ;	कार्य निर्वाहक;	performing, disposing;
		2. निर्माण या रचना करनेवाला;	ನಿರ್ಮಿಸುವ;	निर्मिसुव;	doing, making, performing;
		3. रचनात्मक	ರಚನಾತ್ಮಕ;	रचनात्मक;	constructive;
		4. प्रबंध या व्यवस्था करनेवाला;	ವ್ಯವಸ್ಥೆ ಮಾಡುವ;	व्यवस्थे माडुव;	arranging, managing;
		5. विधान करनेवाला, ढंग या रीति बतलानेवाला, निर्धारण करनेवाला, विहित करनेवाला ।	ಕಾನೂನನ್ನು ನೆಲೆಗೊಳಿಸುವ	कानूनन्नु नेलेगोळिसुव	establishing a rule or law.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
	पुं.	विधान-सभा (या विधान-परिषद्) का सदस्य ।	ವಿಧಾನ ಸಭೆಯ ಸದಸ್ಯ	विधान सभॆय सदस्य	member of legislative assembly (legislative council.)
विधायिका	स्त्री.	विधान निर्मात्री संस्था ।	ವಿಧಾನ ನಿರ್ಮಾಣ ಸಭೆ	विधान निर्माण सभॆ	constituent assembly.
विधायी	वि.	1. विधान निर्माण से संबंधित; 2. विहित करनेवाला, विधान करनेवाला ।	ವಿಧಾನ ನಿರ್ಮಾಣಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ; ವಿಧಾಯಕ	विधान निर्माणक्कॆ संबंधिसिद; विधायक	relating to an injunction; performing, accomplishing.
विधि	पुं.	सृष्टि का रचयिता, ब्रह्मा।	ಬ್ರಹ್ಮ	ब्रह्म	the creator, lord Brahma.
	स्त्री.	1. कार्य करने का ढंग, रीति, प्रक्रिया, प्रणाली; 2. शास्त्रसम्मत व्यवस्था; 3. धर्मग्रंथ या शास्त्र द्वारा निश्चित कर्तव्य निर्देश ।	ಕೆಲಸ ಮಾಡುವ ರೀತಿ, ಪ್ರಕ್ರಿಯೆ; ಶಾಸ್ತ್ರ ಸಮ್ಮತ ವ್ಯವಸ್ಥೆ; ಧರ್ಮಶಾಸ್ತ್ರದಿಂದ ನಿಶ್ಚಯಿಸಲ್ಪಟ್ಟ ಕರ್ಮ ಮಾಡುವ ಕ್ರಮ	कॆलस माडुव रीति, प्रक्रियॆ; शास्त्र सम्मत व्यवस्थॆ धर्मशास्त्रदिंद निश्चयिसल्पट्ट कर्म माडुव क्रम	manner, method, process, law; law; religious act or ceremony, rite, ceremony.
विधिक	वि.	1. विधि-संबंधी; 2. विधि के रूप में होनेवाला; 3. (कार्य) जिसे करने में कोई कानूनी अड़चन न हो; 4. जो विधि के अनुसार न्यायसंगत हो ।	ವಿಧಿ (ಕಾನೂನು) ಸಂಬಧವಾದ; ವಿಧಿ ಪ್ರಕಾರ ಆಗುವ; ಕಾನೂನಿಗೆ ವಿರುದ್ಧ ವಲ್ಲದ; ಕಾನೂನಿಗೆ ಅನುಸಾರ ವಾದ	विधि (कानूनु) संबधवाद; विधि प्रकार आगुव; कानूनिगॆ विरुद्धवल्लद; कानूनिगॆ अनुसारवाद	pertaining to law; applicable in the form of law; legal (act); legal, in accordance with law.
विधि-निषेध	पुं.	कोई काम करने या न करने का शास्त्रीय निर्देश ।	ವಿಧಿ-ನಿಷೇಧ	विधि-निषेध	do's and don'ts.
विधिपूर्वक	क्रि. वि.	नियमानुसार ।	ನಿಯಮಾನುಸಾರ ವಾಗಿ	नियमानुसारवागि	according to rule, duly.
विधिमान्य	वि.	विधि या नियम के अनुसार स्वीकार्य, विधिसम्मत जिसमें सभी औपचारिकताओं का ठीक से पालन किया गया हो ।	ನ್ಯಾಯ ಸಮ್ಮತ ವಾಗಿರುವ	न्याय सम्मतवागिरुव	lawful.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विधिवत्	क्रि. वि.	1. विधिपूर्वक, विधितः, नियमानुसार;	ವಿಧಿವತ್ತಾಗಿ;	विधिवत्तागि;	according to law, in conformity to prescribed rules,in due form;
		2. जिस प्रकार होना चाहिए उसी प्रकार, यथोचित ।	ಯಥೋಚಿತ	यथोचित	duly, methodically.
विधु	पुं.	चंद्रमा ।	ಚಂದ್ರ	चंद्र	moon.
विधुर	पुं.	वह पुरुष जिसकी स्त्री मर चुकी हो, रंडुआ ।	ಪತ್ನಿಹೀನ, ವಿಧುರ	पत्निहीन, विधुर	widower.
विधेय	पुं.	व्याकरण में वह पद या वाक्यांश जिसके द्वारा किसी के संबंध में कुछ विधान किया अर्थात् कहा या बतलाया जाता है ।	(ವ್ಯಾಕರಣ) ಕ್ರಿಯಾಪದ	(व्याकरण) क्रियापद	(gram.) predicate.
	वि.	1. जिसके संबंध में विधान किया जाने को हो, जिसके संबंध में कुछ कहा या बतलाया जाने को हो, जिसके संबंध में निर्धारित किया जाने को हो;	ವಿಧಾನ ಮಾಡಬೇಕಾಗಿರುವ, ನಿರ್ಧರಿಸಬೇಕಾಗಿರುವ;	विधान माडबे-कागिरुव, निर्धरिस बेकागिरुव;	to be legislated;
		2. जिसको करना हो, जो संपन्न किया जाने को हो ।	ಮಾಡಲೇಬೇಕಾದ (ಕರ್ತವ್ಯ)	माडले बेकाद (कर्तव्य)	to be done as duty.
विधेयक	पुं.	किसी कानून या विधान का वह प्रस्तावित रूप या मसौदा जो विधान निर्मात्री सभा के सामने विचारार्थ उपस्थित किया जाने को हो ।	ಮಸೂದೆ, ಬಿಲ್ಲು	मसूदॆ, बिल्लु	bill.
विध्वंस	पुं.	विनाश, नाश, बरबादी ।	ಧ್ವಂಸ, ನಾಶ	ध्वंस, नाश	devastation, ruin, destruction.
विध्वंसक	वि.	विध्वंस या नाश करनेवाला, विनाशक ।	ವಿನಾಶಕ, ನಾಶಗೊಳಿಸುವ	विनाशक, नाशगॊळिसुव	one who or which spells devastation.
	पुं.	एक प्रकार का विनाशक पोत ।	ವಿನಾಶಕ ಹಡಗು	विनाशक हडगु	destroyer.
विध्वस्त	वि.	नष्ट किया हुआ, बरबाद किया हुआ, विनष्ट ।	ನಾಶಗೊಳಿಸಲ್ಪಟ್ಟ	नाशगॊळिसल्पट्ट	ruined, destroyed.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विनत	वि.	1. जिसने किसी के सामने मस्तक या सिर झुका रखा हो, नतमस्तक;	ನತಮಸ್ತಕ;	नतमस्तक;	bent down, bowed;
		2. विनीत, नम्र;	ನಮ್ರ, ವಿನೀತ;	नम्र, विनीत;	humble, modest;
		3. नीचे की ओर प्रवृत्त, झुका हुआ ।	ಬಾಗಿದ	बागिद	inclined, sunk down, bent, crooked, curved, depressed.
विनती	स्त्री.	विनीत भाव से की जानेवाली प्रार्थना, अनुनय-विनय ।	ಪ್ರಾರ್ಥನೆ, ಬೇಡಿಕೆ	प्रार्थने, बेडिकॆ	request, entreaty.
विनम्र	वि.	1. विशेष रूप से नम्र, विनीत;	ವಿನೀತ;	विनीत;	modest, humble;
		2. सुशील, शिष्ट ।	ನಮ್ರತೆಯುಳ್ಳ	नम्रतॆयुळ्ळ	courteous, submissive.
विनम्रता	स्त्री.	1. विनम्र होने की अवस्था या भाव;	ನಮ್ರತೆ, ವಿನಯ;	नम्रतॆ, विनय;	humbleness, meekness;
		2. सुशीलता, शिष्टता ।	ಶೀಲವಂತಿಕೆ	शीलवंतिकॆ	courtesy, modesty.
विनय	स्त्री.	1. आचार, व्यवहार आदि में रहनेवाली नम्रता और सौजन्य;	ವಿನಯ;	विनय;	polite conduct, gentleman-like bearing, good breeding or manners;
		2. नम्रतापूर्वक की जानेवाली प्रार्थना, विनती ।	ವಿನಯಪೂರ್ವಕವಾದ ಬೇಡಿಕೆ	विनयपूर्वकवाद बेडिकॆ	modesty, humility;
विनष्ट	वि.	1. जो पूरी तरह नष्ट हो चुका हो या नष्ट किया जा चुका हो, बरबाद;	ನಷ್ಟವಾದ;	नष्टवाद;	utterly lost or ruined, perished;
		2. बिगड़ा हुआ, विकृत;	ವಿಕೃತಿಗೊಂಡ;	विकृतिगॊंड;	spoilt, disfigured;
		3. भ्रष्ट आचरणवाला, पतित ।	ಭ್ರಷ್ಟಾಚಾರಿ	भ्रष्टाचारि	fallen, depraved, corrupted.
विनाश	पुं.	1. नाश, ध्वंस;	ನಾಶ;	नाश;	destruction, ruin;
		2. दुर्दशा;	ಹೀನ ಸ್ಥಿತಿ;	हीन स्थिति;	bad condition;
		3. हानि, नुकसान;	ಹಾನಿ;	हानि;	utter loss, annihilation;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		4. घोर विपत्ति या संकट, अनर्थ;	ಭಾರಿ ವಿಪತ್ತು;	भारि विपत्तु;	calamity;
		5. खराबी, विकार ।	ಕೆಟ್ಟು ಹಾಳಾಗಿರು ವಿಕೆ	कॅट्टु हाळागिरु-विकॅ	breakdown, defect.
विनाशक	वि.	1. नाश करनेवाला, विध्वंसक; 2. बिगाड़नेवाला, विकृत करनेवाला; 3. (धन आदि) बरबाद करनेवाला ।	ವಿನಾಶಕ	विनाशक	annihilating, destroyer; destroying, ruinous; extravagant.
विनिमय	पुं.	1. एक वस्तु लेकर उसके बदले में दूसरी वस्तु देना, वस्तुओं की अदला-बदली;	ವಿನಿಮಯ	विनिमय	barter;
		2. आदान-प्रदान ।			exchange.
विनियंत्रण	पुं.	शासन द्वारा किसी चीज की बिक्री, मूल्य आदि पर लगाए गए नियंत्रण का हटाया जाना, नियंत्रणरहित करना ।	ವಿನಿಯಂತ್ರಣ	विनियंत्रण	decontrol.
विनियम	पुं.	कोई ऐसा विशिष्ट नियम जो किसी नए निश्चय या आदेश के अनुसार बनाया गया हो ।	ವಿನಿಮಯ	विनिमय	regulation.
विनियमन	पुं.	1. विनियम बनाने की क्रिया या भाव;	ವಿನಿಮಯ ಮಾಡುವಿಕೆ;	विनियम माडुविकॅ;	to regulate;
		2. ऐसी व्यवस्था करना जिससे कोई काम या बात ठीक ढंग से और नियमित रूप में होती रहे ।	ಕ್ರಮದಂತೆ ಹಾಗೂ ಸುಸೂತ್ರವಾಗಿ ಕಾರ್ಯ ನಿರ್ವಹಣೆ	क्रमदंतॅ हागू सुसूत्रवागि कार्य निर्वहणॅ	to process in a smooth way.
विनियुक्त	वि.	किसी विशेष प्रयोजन या कार्य (व्यापार आदि) में लगाया हुआ (धन या पूंजी) ।	ವಿಶೇಷ ಕಾರ್ಯಕ್ಕಾಗಿ ಮೀಸಲಾದ (ಬಂಡವಾಳ)	विशेष कार्यक्कागि मीसलाद (बंडवाळ)	invested, appropriated.
विनियोक्ता	पुं.	किसी विशेष प्रयोजन या कार्य (व्यापार आदि) में धन या पूंजी लगानेवाला ।	ಬಂಡವಾಳಗಾರ	बंडवाळगारु	investor, appropriator.
विनियोग	पुं.	1. व्यापार में पूंजी लगाना;	(ವ್ಯಾಪಾರ) ಮೂಲಧನ;	(व्यापार) मूलधन;	investment, apportionment;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. किसी विशिष्ट उद्देश्य, प्रयोजन आदि के निमित्त संपत्ति आदि किसी दूसरे को देना;	ವಿತರಣೆ;	वितरणॆ;	distribution, division;
		3. फलप्राप्ति के उद्देश्य से किसी वस्तु का होनेवाला उपयोग ।	ಉಪಯೋಗ	उपयोग	use, application, employment.
विनिर्माण	पुं.	शारीरिक श्रम या यंत्रों द्वारा वस्तुओं का बड़े पैमाने पर किया जानेवाला निर्माण या उत्पादन ।	ಉತ್ಪಾದನೆ	उत्पादनॆ	manufacture, manufacturing.
विनिर्माता	पुं.	विनिर्माण करनेवाला ।	ಉತ್ಪಾದಕ	उत्पादक	manufacturer.
विनीत	वि.	1. जिसमें विनय हो, विनय से युक्त, विनयी, नम्र;	ನಮ್ರ, ವಿನೀತ;	नम्र, विनीत;	modest, humble, meek;
		2. सुशील, शिष्ट;	ಶೀಲವಂತ;	शीलवंत;	decent, refined;
		3. नम्रतापूर्वक किया जानेवाला ।	ಆಡಂಬರವಿಲ್ಲದ, ಸಾಧಾರಣ	आडंबरविल्लद, साधारण	plain, simple.
विनोद	पुं.	1. मन-बहलाव, मनोरंजन;	ಮನೋರಂಜನೆ;	मनोरंजनॆ;	amusement;
		2. हंसी-ठट्ठा ।	ವಿನೋದ	विनोद	humour, wit.
विनोदी	वि.	1. विनोद-संबंधी;	ಮನೋರಂಜಕ;	मनोरंजक;	amusing;
		2. विनोदप्रिय, विनोदशील;	ವಿನೋದಶೀಲ;	विनोदशील;	jovial, humourous;
		3. हंसी-दिल्लगी करनेवाला, हंसोड़ ।	ಹಾಸ್ಯಪ್ರಿಯ	हास्यप्रिय	witty, jolly.
विन्यस्त	वि.	1. रखा हुआ, स्थापित;	ಸ್ಥಾಪಿಸಲ್ಪಟ್ಟ;	स्थापिसल्पट्ट;	put or placed down;
		2. क्रम से सजाकर रखा हुआ;	ಕ್ರಮದಲ್ಲಿಟ್ಟ;	क्रमदल्लिट्ट;	marshalled, set in order;
		3. अच्छी-तरह जोड़ा, बैठाया या लगाया हुआ ।	ವ್ಯವಸ್ಥಿತವಾದ	व्यवस्थितवाद	fixed, arranged.
विन्यास	पुं.	1. कोई चीज कहीं स्थापित करना, जमाकर रखना;	ಇರಿಸುವಿಕೆ;	इरिसुविकॆ;	putting down, placing, laying down;
		2. सजाने-संवारने, ठीक स्थान पर रखने तथा ठीक क्रम से लगाने की क्रिया या भाव ।	ವ್ಯವಸ್ಥಿತಗೊಳಿಸುವಿಕೆ	व्यवस्थित-गॊळिसुविकॆ	arrangement, adjustment.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विपक्ष	पुं.	1. विरोधी पक्ष या दल;	ವಿರೋಧಿ ಪಕ್ಷ;	विरोधि पक्ष;	opposition party;
		2. विरोध;	ವಿರೋಧ;	विरोध;	opposition;
		3. तर्कशास्त्र में ऐसा पक्ष जिसमें साध्य का अभाव हो ।	(ತರ್ಕಶಾಸ್ತ್ರ) ವಿರುದ್ಧ ನಿದರ್ಶನ	(तर्कशास्त्र) विरुद्ध निदर्शन	(logic) a negative instance.
विपक्षी	वि.	जिसका संबंध विपक्ष (विरोधी दल आदि) से हो, विरोधी ।	ವಿರೋಧಿ	विरोधि	connected with the opposite party.
	पुं.	1. शत्रु, दुश्मन;	ವೈರಿ;	वैरि;	enemy;
		2. वह जो किसी पक्ष के विरोधी पक्ष में हो, दूसरा फरीक, विरोधी पक्ष;	ಪಕ್ಷವಿರೋಧಿ;	पक्षविरोधि;	one who belongs to the opposition party;
		3. प्रतिद्वन्द्वी ।	ಪ್ರತಿದ್ವಂದ್ವಿ	प्रतिद्वंद्वि	rival.
विपणन	पुं.	बाजार में जाकर माल खरीदने या बेचने की क्रिया या भाव ।	ಕ್ರಯವಿಕ್ರಯ	क्रयविक्रय	marketing.
विपत्ति	स्त्री.	1. ऐसी घटना या स्थिति जिसके फलस्वरूप कष्ट, चिंता या हानि अधिक मात्रा में होती हो या होने की संभावना हो, संकट;	ವಿಪತ್ತು;	विपत्तु;	calamity, misfortune, hardship;
		2. झंझट या बखेड़े का काम या बात, कठिनाई ।	ಕಷ್ಟಕರ ಸ್ಥಿತಿ	कष्टकर स्थिति	misfortune, failure, disaster.
विपद्	स्त्री.	विपत्ति, संकट, आफत ।	ವಿಪತ್ತು	विपत्तु	calamity, misfortune, distress.
विपन्न	वि.	1. आर्त, दुखी;	ದುಃಖದಲ್ಲಿರುವ;	दु:खदल्लिरुव;	afflicted, distressed;
		2. धनाभाव के कारण दुखी, दरिद्र;	ನಿರ್ಧನ;	निर्धन;	poor;
		3. विपत्ति में पड़ा हुआ, विपत्तिग्रस्त;	ವಿಪತ್ತಿಗೆ ಸಿಲುಕಿದ	विपत्तिगॆ सिलुकिद;	fallen into adversity;
		4. कठिनाई या झंझट में पड़ा हुआ ।	ಕಷ್ಟಕ್ಕೆ ಸಿಲುಕದ, ಕಷ್ಟಕ್ಕೀಡಾದ	कष्टक्कॆ सिलुकिद, कष्टक्कीडाद	ruined, destroyed, decayed.
विपन्नता	स्त्री.	1. दु:ख, कष्ट, संकट;	ದುಃಖ, ಕಷ್ಟ;	दु:ख, कष्ट;	misfortune, ruin, trouble;
		2. आर्थिक कष्ट, दरिद्रता ।	ನಿರ್ಧನತೆ	निर्धनतॆ	poverty, economic crisis.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विपरीत	वि.	1. जैसा होना चाहिए उसका उलटा, उलटे क्रम, स्थिति आदि में होनेवाला;	ವಿರುದ್ಧವಾದ;	विरुद्धवाद;	opposite, reversed, reverse;
		2. जो अनुकूल या मुआफिक न हो, प्रतिकूल, विरुद्ध;	ಪ್ರತಿಕೂಲವಾದ;	प्रतिकूलवाद;	unfavourable, adverse;
		3. मेल न खानेवाला, असंगत ।	ಅಸಂಗತ	असंगत	disagreeable.
विपर्यय	पुं.	1. ऐसा उलट-फेर या परिवर्तन जिससे किसी क्रम के अंतर्गत कोई कुछ आगे और कोई कुछ पीछे हो जाए, पारस्परिक स्थान परिवर्तन करनेवाला हेरफेर, व्यतिक्रम;	ಅದಲಾಬದಲಿ, ವ್ಯತಿಕ್ರಮ;	अदलाबदलि, व्यतिक्रम;	transposition;
		2. उलटकर फिर पहले रूप, स्थान आदि में लाना;	ಪೂರ್ವಸ್ಥಿತಿಗೆ ತರುವಿಕೆ;	पूर्वस्थितिगें तरुविकें;	reversion;
		3. मिथ्या ज्ञान, भ्रम ।	ಭ್ರಾಂತಜ್ಞಾನ	भ्रांतज्ञान	illusory knowledge, illusion.
विपिन	पुं.	वन, जंगल ।	ಕಾಡು, ಅರಣ್ಯ	काडु, अरण्य	forest, jungle.
विपुल	वि.	1. संख्या या परिमाण में बहुत अधिक;	ಹೇರಳವಾದ;	हेरळवाद;	numerous, large;
		2. बहुत बड़ा, विशाल ।	ವಿಶಾಲವಾದ	विशालवाद	large, huge.
विपुलता	स्त्री.	1. विपुल होने की अवस्था या भाव, अधिकता;	ಅಧಿಕತೆ;	अधिकतें;	state of extensiveness, abundance;
		2. विशालता ।	ವಿಶಾಲತೆ	विशालतें	largeness.
विप्र	पुं.	ब्राह्मण ।	ಬ್ರಾಹ್ಮಣ	ब्राह्मण	Brahmana.
विप्रलंभ	पुं.	1. एक दूसरे से अलग होना, विच्छेद;	ವಿಪ್ರಲಂಭ	विप्रलंभ	separation
		2. साहित्य में प्रेमी और प्रेमिका का वियोग या विरह;			(rhet); the feeling or sentiment of lovers in separation;
		3. बात बनाकर या वचन पूरा न करके किसी को धोखा देना, वंचना ।			(especially) deceiving by false statement or by not keeping promises.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
विप्लव	पुं.	1. उथल-पुथल, हलचल;	ಅಲ್ಲೋಲ ಕಲ್ಲೋಲ;	अल्लोल-कल्लोल;	tumult, affray;
		2. उत्पात, उपद्रव;	ಉಪದ್ರವ;	उपद्रव;	insurgency, insurrection;
		3. विद्रोह, बगावत, क्रांति ।	ಕ್ರಾಂತಿ	क्रांति	uprising, revolt.
विप्लवी	वि.	क्रांति करनेवाला ।	ಕ್ರಾಂತಿಕಾರ	क्रांतिकार	insurgent, revolutionary.
विफल	वि.	1. जिसका उद्देश्य सिद्ध न हुआ हो, जिसके प्रयत्न का कोई फल न हुआ हो, असफल;	ಅಸಫಲ;	असफल;	fruitless, unsuccessful;
		2. जो परीक्षा में उत्तीर्ण न हुआ हो, अनुत्तीर्ण ।	ಅನುತ್ತೀರ್ಣ	अनुत्तीर्ण	failed.
विफलता	स्त्री.	1. विफल होने की अवस्था या भाव, उद्देश्य की सिद्धि न होना, असफलता;	ಅಸಫಲತೆ;	असफलतॆ;	fruitlessness, unprofitableness;
		2. परीक्षा में उत्तीर्ण न होना, अनुत्तीर्णता;	ಅನುತ್ತೀರ್ಣತೆ;	अनुत्तीर्णतॆ;	failure;
		3. निरर्थकता ।	ನಿರರ್ಥಕತೆ	निरर्थकतॆ	uselessness.
विभक्त	वि.	1. जिसके विभाग किए गए हों, विभाजित;	ಭಾಗ ಮಾಡಲ್ಪಟ್ಟ;	भागमाडल्पट्ट;	divided;
		2. अलग किया हुआ ।	ಬೇರ್ಪಡಿಸಿದ	बेर्पडिसिद	separated.
विभक्ति	स्त्री.	(व्याकरण) शब्द में लगनेवाला वह प्रत्यय जिससे उस शब्द का कारक, लिंग तथा वचन जाना जाता है ।	(ವ್ಯಾಕರಣ) ಏಳು ವಿಭಕ್ತಿಗಳು	(व्यकरण) एळु विभक्तिगळु	(gram.) inflection.
विभव	पुं.	1. ऐश्वर्य;	ಐಶ್ವರ್ಯ;	ऐश्वर्य;	prosperity;
		2. धन-संपत्ति ।	ಧನ ಸಂಪತ್ತು	धन संपत्तु;	wealth, riches.
विभा	स्त्री.	1. प्रभा, कांति;	ಕಾಂತಿ;	कांति;	lustre;
		2. छवि, शोभा ।	ಶೋಭೆ	शोभॆ	beauty, splendour.
विभाग	पुं.	1. कोई विशिष्ट कार्य करने के लिए अलग किया हुआ क्षेत्र, कार्यक्षेत्र, महकमा;	ವಿಭಾಗ.	विभाग	department, division;
		2. किसी कार्य के लिए निश्चित किया हुआ क्षेत्र या खंड;			division;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. किसी चीज को टुकड़ों या खंडों में बांटकर अलग किया हुआ अंश या टुकड़ा, भाग, हिस्सा ।			part, portion or share in general.
विभागाध्यक्ष	पुं.	किसी विभाग अर्थात् कार्यक्षेत्र या महकमे का अध्यक्ष, किसी विभाग का सबसे बड़ा अधिकारी ।	ವಿಭಾಗದ ಮುಖ್ಯಾಧಿಕಾರಿ	विभागद मुख्याधिकारि	head of the department.
विभागीय	वि.	किसी विभाग में होने या उससे संबंध रखनेवाला ।	ವಿಭಾಗಕ್ಕೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ	विभागक्कॆ संबंधिसिद	departmental.
विभाजक	पुं.	1. विभाजन करनेवाला;	ಭಾಗ ಮಾಡುವವ;	भाग माडुवव;	one who divides, divider;
		2. बांटनेवाला ।	ಹಂಚುವವ	हंचुवव	distributor.
विभाजन	पुं.	1. हिस्से लगाना, विभाग करना;	ಭಾಗ ಮಾಡುವಿಕೆ;	भाग माडुविकॆ;	act of dividing into shares;
		2. संयुक्त संपत्ति आदि को उसके स्वामियों द्वारा आपस में बांटना, बंटवारा ।	ಹಂಚಿಕೆ	हंचिकॆ	division, partition.
विभाजित	वि.	1. जिसके हिस्से कर दिए गए हों, विभक्त;	ಭಾಗ ಮಾಡಲ್ಪಟ್ಟ;	भाग माडल्पट्ट;	divided;
		2. जिसका बंटवारा कर दिया गया हो, बांटा हुआ;	ಹಂಚಲ್ಪಟ್ಟ;	हंचल्पट्ट;	distributed;
		3. खंडित ।	ತುಂಡು ತುಂಡಾದ	तुंडु तुंडाद	broken, fragmented.
विभाज्य	वि.	जिसका विभाजन हो सके या होने को हो ।	ಭಾಗ ಮಾಡಲಿರುವ	भाग माडलिरुव	divisible, to be divided.
विभाव	पुं.	साहित्य में वह निमित्त या हेतु जो आश्रय में भाव जागृत या उद्दीप्त करता हो ।	(ಸಾಹಿತ್ಯದಲ್ಲಿ) ಭಾವೋದ್ದೀಪನಾಶ್ರಯ ಕಾರಣ	(साहित्यदल्लि) भावोद्दीपनाश्रय कारण	(in rhet.) any condition which produces or develops a particular state of body or mind.
विभावरी	स्त्री.	1. रात्रि, रात;	ರಾತ್ರಿ;	रात्रि;	night;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. तारों से जगमगाती हुई रात ।	ನಕ್ಷತ್ರ ದೀಪ್ತ ರಾತ್ರಿ	नक्षत्र दीप्त रात्रि	the starry night.
विभाषा	स्त्री.	1. भाषाविज्ञान में, किसी भाषा की कोई ऐसी बड़ी शाखा जो उसके विशिष्ट विभाग के अंतर्गत हो और जिसके कई स्थानिक भेद, प्रभेद भी हों, उपभाषा, बोली;	ಒಂದು ಮುಖ್ಯ ಭಾಷಾ ಕ್ಷೇತ್ರದಲ್ಲಿ ಪ್ರಾದೇಶಿಕವಾಗಿ ಪ್ರಚಲಿತವಾಗಿರುವ ಆಡು ನುಡಿ, ಉಪಭಾಷೆ;	ऑंदु मुख्य भाषा क्षेत्रदल्लि प्रादेशिकवागि प्रचलितवागिरुव आडु नुडि, उपभाषॆ;	sub-language, dialect;
		2. विकल्प, चुनाव या पसंद की स्वतंत्रता;	ವಿಕಲ್ಪ, ಆರಿಸಿ ಕೊಳ್ಳುವ ಸ್ವಾತಂತ್ರ್ಯ;	विकल्प, आरिसि कॊळ्ळुव स्वातंत्र्य;	an option, alternative;
		3. व्याकरण का वह सिद्धांत जहां अपवाद और विधान दोनों पाए जाएं ।	(ವ್ಯಾಕರಣ) ವೈಕಲ್ಪಿಕ ನಿಯಮ	(व्याकरण) वैकल्पिक नियम	(in Gram.) allowing a rule to be optioned.
विभासित	वि.	1. प्रकाशित;	ಪ್ರಕಾಶಿತ;	प्रकाशित;	illuminated;
		2. चमकता हुआ;	ಹೊಳೆಯುವ;	हॊळॆयुव;	brightening, dazzling;
		3. कांतियुक्त ।	ಕಾಂತಿಯುಕ್ತವಾದ	कांतियुक्तवाद	lustrous.
विभिन्न	वि.	अनेक प्रकार का, नानाविध, विविध ।	ನಾನಾವಿಧದ	नानाविधद	different, various.
विभिन्नता	स्त्री.	अनेकता, विविधता ।	ವಿವಿಧತೆ, ನಾನಾಬಗೆ	विविधतॆ, नानाबगॆ	variety.
विभीषण	वि.	अपने भाई-बंधुओं से द्रोह करके शत्रुओं के साथ जा मिलनेवाला, देशद्रोही (ला.) ।	(ಲಾಕ್ಷಣಿಕ) ತನ್ನವರಿಗೆ ದ್ರೋಹ ಮಾಡಿ ವೈರಿಗಳೊಂದಿಗೆ ಸೇರುವ	(लाक्षणिक) तन्नवरिगॆ द्रोहमाडि वैरिगळॊंदिगॆ सेरुव	a traitor.
	पुं.	रावण का एक भाई जो राम का पक्ष लेकर रावण से लड़ा ।	(ರಾಮಾಯಣ) ರಾವಣನ ತಮ್ಮ	(रामायण) रावणन तम्म	name of a brother of Ravana.
विभीषिका	स्त्री.	1. भय-प्रदर्शन, डराने की क्रिया या भाव;	ಹೆದರಿಸುವಿಕೆ;	हॆदरिसुविकॆ;	the act of terrifying;
		2. डराने का साधन;	ಭಯೋತ್ಪಾದಕ ಸಾಧನ;	भयोत्पादक साधन;	means of terrifying;
		3. त्रास, आतंक, दशहत ।	ಭಯಂಕರತೆ	भयंकरतॆ	terror, dread.
विभु	वि.	सर्वव्यापक ।	ಸರ್ವತ್ರ ವ್ಯಾಪಿಸಿರುವ	सर्वत्र व्यापिसिरुव	being everywhere, omnipresent.
	पुं.	स्वामी, मालिक, प्रभु ।	ಒಡೆಯ, ಮಾಲೀಕ	ऑडॆय, मालीक	master, a lord.
विभूति	स्त्री.	1. ऐश्वर्य, विभव;	ಐಶ್ವರ್ಯ;	ऐश्वर्य;	prosperity, welfare;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. धन-संपत्ति, दौलत;	ಧನವಂತಿಕ;	धनवंतिकं;	wealth, riches;
		3. अलौकिक शक्ति, दिव्यशक्ति;	ದಿವ್ಯಶಕ್ತಿ;	दिव्यशक्ति;	superhuman power;
		4. चिता, यज्ञ, होम आदि की राख, भस्म ।	ವಿಭೂತಿ, ಭಸ್ಮ, ಬೂದಿ	विभूति, भस्म, बूदि	ashes.
विभूषण	पुं.	1. आभूषण, गहना;	ಆಭರಣ;	आभरण;	ornament, decoration;
		2. सौंदर्य ।	ಸೌಂದರ್ಯ	सौंदर्य	splendour, beauty.
विभूषित	वि.	1. आभूषणों से सजा हुआ, अलंकृत;	ಆಭರಣಾಲಂಕೃತ;	आभरणालंकृत;	ornamented;
		2. अच्छी बातों या गुणों से युक्त;	ಸದ್ಗುಣಭರಿತ;	सद्गुणभरित;	adorned;
		3. शोभित	ಶೋಭಿಸುವ	शोभिसुव	decorated.
विभेद	पुं.	1. वह तत्व जो दो वस्तुओं में होनेवाली असमता का द्योतक हो, अंतर, भेद, भिन्नता, फरक;	ವ್ಯತ್ಯಾಸ. ಭೇದ;	व्यत्यास, भेद;	difference;
		2. प्रभेद, उपभेद;	ಉಪಭೇದ;	उपभेद;	subdivision;
		3. विशेष रूप से किया हुआ अलगाव या भेद, भेदभाव ।	ಭೇದಭಾವ	भेदभाव	distinction.
विभेदक	वि.	1. भेदन करनेवाला, काटने या छेदनेवाला;	ಭೇದಿಸುವ, ವಿಭಜಿಸುವ;	भेदिसुव, विभजिसुव;	dividing, separating;
		2. विभेद उत्पन्न करनेवाला, भेदभाव करानेवाला;	ಭೇದಭಾವವನ್ನುಂಟುಮಾಡುವ;	भेदभाववन्नुंटु-माडुव;	separator, discriminator;
		3. अंतर या भेद दिखलाने या बतलानेवाला;	ವ್ಯತ್ಯಾಸವನ್ನು ತೋರಿಸುವ;	व्यत्यासवन्नु तोरिसुव;	a divider;
		4. आपस में मतभेद करानेवाला ।	ಪರಸ್ಪರ ಭೇದಭಾವವನ್ನು ಕಲ್ಪಿಸುವ	परस्पर भेदभाव-वन्नु कल्पिसुव	disintegrating.
विभोर	वि.	1. मग्न, लीन;	ಮಗ್ನ, ಮುಳುಗಿದ;	मग्न, मुळुगिद;	engrossed, absorbed;
		2. मत्त, मस्त ।	ಆನಂದದಲ್ಲಿ ಮೈ ಮರೆತ	आनंददल्लि मै मरेत	overjoyed.
विभ्रम	पुं.	1. भ्रम, भ्रांति, मोह;	ಭ್ರಾಂತಿ;	भ्रांति;	delusion;
		2. शक, संदेह;	ಸಂದೇಹ;	संदेह;	doubt;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. निर्मूल-भ्रम, मतिभ्रम;	ಬುದ್ಧಿಭ್ರಮೆ;	बुद्धिभ्रमॆ;	hallucination;
		4. गलत-फहमी;	ತಪ್ಪು ತಿಳಿವಳಿಕೆ;	तुप्पु तिळिवळिकॆ;	misunderstanding;
		5. घबराहट, विकलता;	ಅಶಾಂತಿ;	अशांति;	restlessness;
		3. जैन मतानुयायी;	ಜೈನ ಮತಾನು ಯಾಯಿ;	जैन मतानुयायि;	a follower of Jainism;
		4. शिष्य, छात्र ।	ಶಿಷ್ಯ	शिष्य	a pupil, disciple.
श्रावण	पुं.	चांद्रगणना के अनुसार वह महीना जिसकी पूर्णिमा को श्रवण नक्षत्र होता है तथा जो आषाढ़ और भादों के बीच पड़ता है, सावन ।	ಶ್ರಾವಣಮಾಸ	श्रावण	name of a lunar month corresponding to July and August.
	वि.	1. श्रवण या कान से संबंधित;			relating to the ear;
		2. श्रवणनक्षत्र से संबंधित, श्रवणनक्षत्र का;			of or belonging to the asterism Sravana;
		3. श्रवणनक्षत्र में उत्पन्न ।			born under the asterism Sravana;
श्रावणी	स्त्री.	1. श्रावणमास की पूर्णिमा;	ಶ್ರಾವಣ ಮಾಸದ ಹುಣ್ಣಿಮೆ;	श्रावण मासद हुण्णिमॆ;	the day of full moon in Sravana;
		2. उक्त पूर्णिमा को होनेवाला त्योहार ।	ಶ್ರಾವಣ ಮಾಸದ ಹುಣ್ಣಿಮೆಯ ಹಬ್ಬ	श्रावण मासद हुण्णिमॆय हब्ब	name of the annual ceremony performed on this day when the sacred thread is put on anew.
श्री	स्त्री.	1. विष्णु की पत्नी, लक्ष्मी;	ಲಕ್ಷ್ಮಿ;	लक्ष्मि;	the goddess of wealth, Lakshmi, the wife of Vishnu;
		2. धनदौलत, संपत्ति;	ಸಂಪತ್ತು;	संपत्तु;	wealth, riches, affluence, prosperity, plenty;
		3. ऐश्वर्य, वैभव;	ಐಶ್ವರ್ಯ;	ऐश्वर्य;	grandeur, glory, magnificence;
		4. शोभा, सौंदर्य;	ಕಾಂತಿ;	कांति;	beauty, grace;
		5. यश, कीर्ति ।	ಕೀರ್ತಿ	कीर्ति	fame, renown;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
	वि.	एक प्रकार का आदरसूचक विशेषण जो पुरुषों के नाम के पहले लगाया जाता है ।	ಆದರ ಸೂಚಿಸಲು ಹೆಸರಿನೊಂದಿಗೆ ಸೇರಿಸುವ ಶಬ್ದ	आदर सूचिसलु हॆसरिनॊंदिगॆ सेरिसुव शब्द	an honorific term prefixed to the names of men, mister, Mr., Sir.
श्रीखंड	पुं.	1. चंदन;	ಚಂದನ;	चंदन;	sandal wood;
		2. एक प्रकार का मीठा पकवान ।	ಸಿಹಿ ತಿನಿಸು ಶ್ರೀಖಂಡ	सिहि तिनिसु श्रीखंड	a kind of sweet dish.
श्रीमती	स्त्री.	पत्नी ।	ಪತ್ನಿ, ಹೆಂಡತಿ	पत्नि, हॆंडति	wife.
	वि.	प्राय: विवाहिता स्त्रियों के नाम के पूर्व जोड़ा जानेवाला आदरसूचक विशेषण ।	ವಿವಾಹಿತ ಸ್ತ್ರೀಯರ ಹೆಸರಿನೊಂದಿಗೆ ಸೇರಿಸುವ ಆದರ ಸೂಚಕ ವಿಶೇಷಣ	विवाहित स्त्रीयर हॆसरिनॊंदिगॆ सेरिसुव आदर सूचक विशेषण	an honorific term prefixed to the name (particularly) of a married woman, Mrs., Madam.
श्रीमन्	वि.	1. पुरुषों के नाम के पूर्व प्रयुक्त एक आदरसूचक विशेषण;	ಗಂಡಸರ ಹೆಸರಿನೊಂದಿಗೆ ಸೇರಿಸುವ ಆದರ ಸೂಚಕ ವಿಶೇಷಣ;	गंडसर हॆसरि-नॊंदिगॆ सेरिसुव आदरसूचक विशेषण;	an honorific term prefixed to the name of man, mister, Mr.,Sir;
		2. धनसंपन्न ।	ಹಣವಂತ	हणवंत	wealthy, rich, opulent.
श्रीयुत	वि.	1. पुरुषों के नाम से पूर्व प्रयुक्त एक आदरसूचक विशेषण;	ನೋಡಿ "श्रीमन्"	नोडि "श्रीमन्"	an honorific term prefixed to the name of man, mister, Mr., Sir.
		2. लक्ष्मीवान्, धनसंपन्न ।			wealthy, prosperous.
श्रुत	वि.	1. सुना हुआ;	ಕೇಳಲ್ಪಟ್ಟ;	केळल्पट्ट;	heard, listened;
		2. ज्ञात;	ತಿಳಿದ;	तिळिद;	learnt, ascertained, understood;
		3. प्रसिद्ध ।	ಪ್ರಸಿದ್ಧವಾದ	प्रसिद्धवाद	well known, famous, celebrated, renowned.
श्रुति	स्त्री.	1. सुनने की क्रिया या भाव, श्रवण करना, सुनना;	ಆಲಿಸುವಿಕೆ;	आलिसुविकॆ;	hearing, the act of hearing;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. कान, कर्णेंद्रिय;	ಕಿವಿ;	किवि;	the ear, the organ of hearing;
		3. वेद में वह विशिष्ट प्रकार की ध्वनि जो किसी स्वर का उच्चारण करने में आंशिक रूप से सहायक होती है;	ವೇದ;	वेद;	the Veda (known by revelation);
		4. अफवाह, किंवदन्ती, जनश्रुति ।	ಜನಶ್ರುತಿ	जनश्रुति	rumour, hearsay, current but un-verified statement.
श्रुतिलेख	पुं.	वह लेख जो किसी के द्वारा बोले हुए वाक्यों को सुनकर लिखा जाए, श्रुतलेख ।	ಹೇಳಿ ಬರೆಸುವಿಕೆ, ಉಕ್ತಲೇಖನ	हेळि बरेसुविके, उक्तलेखन	a dictation.
श्रेणी	स्त्री.	1. कतार, पंक्ति;	ಪಂಕ್ತಿ;	पंक्ति;	line, row, queue;
		2. क्रम, सिलसिला, श्रृंखला;	ಕ್ರಮ;	क्रम;	order, sequence;
		3. एक ही तरह की ऐसी चीजों या बातों का वर्ग जो कुछ दूर तक एक ही रूप में चलता रहे;	ಮಾಲಾ ಕ್ರಮ	माला क्रम;	series, succession, range;
		4. कार्य, योग्यता, आदि के विचार से पदार्थों, व्यक्तियों आदि का वर्ग, विभाग, दरजा;	ಶ್ರೇಣಿ;	श्रेणि;	category, class, grade, rank;
		5. ज़ीना, सीढ़ी;	ಏಣಿ, ಮೆಟ್ಟಲು;	एणि, मेट्टलु;	ladder, stair;
		6. दल, समूह ।	ಸಮೂಹ	समूह	group, flock.
श्रेणीबद्ध	वि.	1. पंक्ति के रूप में बंधा हुआ, पंक्तिबद्ध;	ಪಂಕ್ತಿಬದ್ಧ;	पंक्तिबद्ध;	forming a row, being in line;
		2. क्रमबद्ध, श्रृंखलाबद्ध;	ಕ್ರಮಬದ್ಧ;	क्रमबद्ध;	orderly, ordered, being in sequence;
		3. दलबद्ध;	ಗುಂಪು ಕಟ್ಟಿದ;	गुंपु कट्टिद;	grouped;
		4. वर्गीकृत ।	ವರ್ಗಬದ್ಧ	वर्गबद्ध	classified, graded.
श्रेय	पुं.	1. अच्छाई, उत्तमता;	ಶ್ರೇಯಸ್ಸು;	श्रेयस्सु;	goodness, merit, worth;
		2. मंगल, कल्याण;	ಶುಭ;	शुभ;	welfare, good, good fortune, well being;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. यश;	ಕೀರ್ತಿ;	कीर्ति;	fame, renown;
		4. ऐसा धार्मिक कृत्य जो मोक्ष की प्राप्ति में सहायक हो ।	ಮೋಕ್ಷ ಸಹಾಯಕ ಧರ್ಮಕಾರ್ಯ	मोक्ष सहायक धर्मकार्य	righteous deeds, moral, religious merit leading to salvation.
श्रेयस्कर	वि.	1. मंगलकारी, कल्याणकर, शुभ;	ಶ್ರೇಯಸ್ಕರ	श्रेयस्कर	promoting happiness, favourable, propitious, auspicious;
		2. यशस्कर;			bringing fame or renown;
		3. वांछनीय ।			desirable.
श्रेष्ठ	वि.	1. गुण, मान आदि के विचार से बढ़कर, उत्तम, उत्कृष्ट;	ಶ್ರೇಷ್ಠ	श्रेष्ठ	best, most excellent, excellent pre-eminent, superior;
		2. उच्च मानवीय गुणों से सम्पन्न (व्यक्ति) ।			great, large-hearted, noble.
श्रेष्ठता	स्त्री.	श्रेष्ठ या उत्तम होने की अवस्था या भाव, उत्तमता, अच्छाई ।	ಶ್ರೇಷ್ಠತೆ	श्रेष्ठतॆ	betterness, superiority, eminence, excellence.
श्रेष्ठी	पु.	1. सेठ;	ಶ್ರೇಷ್ಠಿ	श्रेष्ठि	a wealthy merchant;
		2. अत्यन्त धनी व्यक्ति;			a moneyed man, a very rich person;
		3. व्यापारियों या बनियों का प्रधान ।			the head or chief of a mercantile guild, chief of the merchants.
श्रोता	पु.	1. सुननेवाला;	ಕಿವಿಗೊಟ್ಟು ಕೇಳುವವ;	किविगॊट्टु केळुवव;	a hearer, listener;
		2. किसी सभा, नाटक-प्रदर्शन आदि के दर्शक, सुनने-वाले या पाठक (बहुवचन में) ।	ಪ್ರೇಕ್ಷಕ, ಶ್ರೋತೃಗಳು	प्रेक्षक, श्रोतृगळु	audience (in plural).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
श्लाघनीय	वि.	**प्रशंसनीय ।**	ಪ್ರಶಂಸಾರ್ಹ	प्रशंसार्ह	admirable, praise-worthy, laudable, commendable.
श्लाघा	स्त्री.	1. **प्रशंसा;**	ಪ್ರಶಂಸೆ;	प्रशंसॆ;	praise, admiration, commendation;
		2. **चापलूसी ।**	ಹೊಗಳಿಕೆ	हॊगळिकॆ	flattery.
श्लिष्ट	वि.	1. **किसी के साथ जुड़ा, मिला या लगा हुआ;**	ಒಂದುಗೂಡಿದ;	ऒंदुगूडिद;	embraced, clasped, joined together, clung, adhered to;
		2. **सम्मिलित, संयुक्त, संश्लिष्ट;**	ಸೇರಿದ;	सेरिद;	synthetic, synthesized, mixed;
		3. **श्लेषयुक्त, दो अर्थों वाला ।**	ಶ್ಲೇಷಾರ್ಥವುಳ್ಳ	श्लेषार्थवुळ्ळ	involving a pun, susceptible of a double interpretation, equivocal.
श्लील	वि.	1. **जो अश्लील अर्थात भद्दा न हो;**	ಅಶ್ಲೀಲವಲ್ಲದ, ಉತ್ತಮವಾದ;	अश्लीलवल्लद, उत्तमवाद;	which is not obscene;
		2. **जो शिष्ट समाज में दिखाए या पढ़े जाने योग्य हो, समयोचित, अग्राम्य ।**	ಯೋಗ್ಯವಾದ	योग्यवाद	not vulgar, decent.
श्लेष	पुं.	1. **काव्य में एक अलंकार जिसमें एक शब्द के कई अर्थों द्वारा काव्य में चमत्कार उत्पन्न होता है या किया जाता है;**	ಒಂದು ಕಾವ್ಯಾಲಂಕಾರ;	ऒंदु काव्यालंकार;	pun, paronomasia, agnomination;
		2. **संयोग, जुड़ना, मिलना;**	ಸಂಯೋಗ;	संयोग;	clinging or adhering to, union, junction, contact.
		3. **आलिंगन ।**	ಆಲಿಂಗನೆ	आलिंगनॆ	embrace.
श्लोक	पुं.	1. **यश, कीर्ति;**	ಕೀರ್ತಿ;	कीर्ति;	celebrity, fame, renown, name;
		2. **प्रशंसा;**	ಪ್ರಶಂಸೆ;	प्रशंसॆ;	praise, glory;
		3. **प्रशंसा का विषय;**	ಪ್ರಶಂಸಾರ್ಹ ವಿಷಯ;	प्रशंसार्ह विषय;	an object of praise;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		4. संस्कृत के अनुष्टुप छंद का पुराना नाम;	(ಕವಿತೆ) ಶ್ಲೋಕ;	(कवित) श्लोक;	a stanza in Sanskrit poetics;
		5. आजकल संस्कृत का कोई छंद या पद्य;	ಸಂಸ್ಕೃತ ಪದ್ಯ;	संस्कृत पद्य;	a stanza or verse in general (in Sanskrit);
		6. प्रशंसात्मक पद्य या स्तोत्र ।	ಸ್ತುತಿ	स्तुति	hymn of praise.
श्वसुर	पुं.	किसी के पति या पत्नी का पिता, ससुर ।	ಮಾವ	माव	a father-in-law, wife's or husband's father.
श्वान	पुं.	कुत्ता ।	ನಾಯಿ	नायि	a dog.
श्वास	पुं.	1. प्राणियों का नाक से हवा खींचकर अंदर फेफड़ों या हृदय तक पहुंचाना और फिर बाहर निकालना, सांस;	ಉಸಿರು;	उसिरु;	breathing, breath, respiration;
		2. दमा नामक रोग ।	ಗೂರಲು ರೋಗ	गूरलु रोग	asthma.
श्वासनली	स्त्री.	सिर, गले और छाती के अंदर की वह नली जिससे प्राणी सांस लेते और निकालते हैं ।	ಶ್ವಾಸನಾಳ	श्वासनाळ	trachea, wind pipe, bronchial tube.
श्वासोच्छ्वास	पुं.	वेगपूर्वक सांस लेना और बाहर निकालना ।	ಉಚ್ಛ್ವಾಸ-ನಿಶ್ವಾಸ	उच्छ्वास-निश्वास	deep inspiration and expiration, exhalation and inhalation, respiration.
श्वेत	वि.	1. सफेद, धवल, उजला, उज्ज्वल;	ಬಿಳುಪಾದ;	बिळुपाद;	white;
		2. निर्मल, स्वच्छ, साफ;	ನಿರ್ಮಲವಾದ;	निर्मलवाद;	clean;
		3. निर्दोष;	ದೋಷರಹಿತ;	दोषरहित;	flawless, blemishless;
		4. उज्ज्वलवर्ण का, गोरा ।	ಬೆಳ್ಳಗೆ ಹೊಳೆಯುವ	बेळ्ळगे होळेयुव	fair complexioned.
श्वेतपत्र	पुं.	आधुनिक राजनीति में वह राजकीय विज्ञप्ति जो किसी महत्वपूर्ण राजनीतिक चर्चा, वार्ता आदि के संबंध में (प्राय: सफेद कागज पर लिखकर) प्रकाशित की जाती है ।	(ರಾಜನೀತಿ) ಶ್ವೇತಪತ್ರ	(राजनीति) श्वेतपत्र	white paper.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
श्वेतसार	पुं.	अनाज, आलू, मटर आदि में पाया जानेवाला एक प्रकार का गंधहीन सफेद खाद्य पदार्थ जिसका उपयोग औषधों और शिल्पीय कार्यों में होता है, चावल में यही माड़ के रूप में निकलता है, मण्ड, मांड़ी ।	ಪಿಷ್ಟ ಪದಾರ್ಥ, ಗಂಜಿ	पिष्ट पदार्थ, गंजि	starch.
षट्	वि.	पांच और एक, छः ।	ಆರು	आरु	six.
	पुं.	छः का सूचक अंक या संख्या ।	ಆರರ ಸಂಖ್ಯೆ	आरर संख्ये	the number six.
षट्कोण	वि.	छः कोणोंवाला (क्षेत्र), छपहला, षट्कोणीय, षड्भुजाकार ।	ಆರು ಕೋಣಗಳುಳ್ಳ	आरु कोणगळुळ्ळ	hexagonal, six-angled.
	पुं.	ज्यामिति में छह कोणोंवाली आकृति, षड्भुज ।	(ರೇಖಾಗಣಿತ) ಷಡ್ಭುಜ	(रेखागणित) षड्भुज	a hexagon, any six-angled figure (in geometry).
षट्पद	पुं.	1. भ्रमर;	ದುಂಬಿ;	दुंबि;	a bee, big male black bee;
		2. छः पदोंवाला छंद ।	ಷಟ್ಪದಿ ಛಂದಸ್ಸು	षट्पदि छंदस्सु	a type of verse.
	वि.	छः पैरोंवाला ।	ಆರು ಕಾಲಿನ	आरु कलिन	six footed.
षड्यंत्र	पुं.	1. कुछ लोगों द्वारा सामूहिक रूप से कोई अनुचित तथा अपराधपूर्ण काम करने के लिए गुप्त रूप से बनाई गई योजना, साजिश, दुरभिसंधि, कुचक्र;	ಪಿತೂರಿ	पितूरि	underhand plotting, plot, intrigue;
		2. कोई बड़ा परिवर्तन करने के लिए गुप्त रूप से की जानेवाली कार्यवाही, अभिसंधि ।			conspiracy.
षष्टि	स्त्री.	साठ की सूचक संख्या ।	ಅರುವತ್ತರ ಸಂಖ್ಯೆ	अरुवत्तर संख्ये	the number sixty.
	वि.	जो गिनती में पचास से दस अधिक हो, साठ ।	ಅರುವತ್ತು	अरुवत्तु	sixty.
षष्ठ	वि.	छठा ।	ಆರನೆಯ	आरनेय	sixth, the sixth.
षष्ठी	स्त्री.	1. चांद्रमास के शुक्ल या कृष्ण पक्ष की छठी तिथि, छठ;	ಷಷ್ಠಿ ತಿಥಿ;	षष्ठि तिथि;	the sixth day of a lunar fortnight.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. बच्चे के जन्म दिन से छठा दिन तथा उस दिन होनेवाला कृत्य, छठी;	ನವಜಾತ ಶಿಶುವಿಗೆ ಆರನೆಯ ದಿನ ಮಾಡುವ ಒಂದು ಸಂಸ್ಕಾರ;	नवजात शिशुविगॆ आरनॆय दिन माडुव ऒंदु संस्कार;	the sixth day from the day of child-birth, and the celebrations of that day;
		3. संबंध कारक की विभक्ति (व्याकरण) ।	ಷಷ್ಠಿ ವಿಭಕ್ತಿ	षष्ठि विभक्ति	(in gram.) the sixth or genitive case, possessive case.
षोडश	वि.	जो गिनती में दस से छ: अधिक हो, सोलह ।	ಹದಿನಾರು	हदिनारु	sixteen.
	पुं.	सोलह की सूचक संख्या ।	ಹದಿನಾರರ ಸಂಖ್ಯೆ	हदिनारर संख्यॆ	the number sixteen.
षोडशी	वि.	सोलह वर्षों की (युवती), तरुणी ।	ಹದಿನಾರು ವಯಸ್ಸಿನ	हदिनारु वयस्सिन	(a girl) of sixteen years of age, young (girl or woman);
	स्त्री.	सोलह वर्षों की युवती स्त्री ।	ತರುಣಿ	तरुणि	a girl of sixteen years of age, or woman in the period of youth.
संकट	पुं.	विपत्ति, मुसीबत ।	ಆಪತ್ತು, ಸಂಕಟ	आपत्तु, संकट	distress, crisis, emergency.
संकटापन्न	वि.	कष्ट में पड़ा हुआ, विपद्ग्रस्त ।	ವಿಪತ್ತಿಗೆ ಸಿಕ್ಕಿದ	विपत्तिगॆ सिक्किद	beset with difficulties, in distress.
संकर	वि.	1. दो या अधिक भिन्न-भिन्न तत्वों या पदार्थों के मेल से बना हुआ;	ಸಂಕರ	संकर	hybrid;
		2. दो अलग-अलग जातियों के जीवों या प्राणियों के संसर्ग से उत्पन्न ।			cross bred.
संकरा	वि.	तंग, कम चौड़ा ।	ಇಕ್ಕಟ್ಟಾದ	इक्कट्टाद	narrow, strait.
संकलन	पुं.	1. एकत्र करने की क्रिया, संग्रह करना;	ಸೇರಿಸುವಿಕೆ;	सेरिसुविकॆ;	the act of heaping together;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. ऐसी साहित्यिक कृति जिसमें अनेक ग्रन्थों या स्थानों से बहुत सी बातें इकट्ठी करके रखी गई हों ।	ಅನೇಕ ಲೇಖಕರ ಲೇಖನ ಸಂಗ್ರಹ	अनेक लेखकर लेखन संग्रह	collection, compilation, anthology.
संकलित	वि.	1. एकत्रीकृत;	ಸೇರಿಸಲ್ಪಟ್ಟ;	सेरिसल्पट्ट;	amassed, assembled;
		2. जो संकलन की क्रिया से बना हो ।	(ಲೇಖನ) ಸಂಗ್ರಹಿಸಿದ	(लेखन) संग्रहिसिद	collection, compilation.
संकल्प	पुं.	1. विचार, इरादा;	ಸಂಕಲ್ಪ;	संकल्प;	intention;
		2. दृढ़ निश्चय;	ದೃಢ ನಿಶ್ಚಯ;	दृढ निश्चय;	determination, resolve;
		3. दान पुण्य या और कोई देवकार्य आरम्भ करने से पूर्व मंत्रोच्चारण करते हुए हाथ में जल लेकर उसका विचार प्रकट करना;	ಮಂತ್ರೋಚ್ಚಾರಣ ಪೂರ್ವಕವಾದ ಸಂಕಲ್ಪ;	मंत्रोच्चारण पूर्वकवाद संकल्प;	a solemn vow to perform an observance;
		4. सभा समिति में किसी विषय में विचारपूर्वक किया हुआ पक्का निश्चय ।	ವಿಚಾರಮಾಡಿ ಮಾಡಿದ ನಿರ್ಧಾರ	विचारमाडि माडिद निर्धार	resolution.
संकल्पना	वि.	1. संकल्प करने की क्रिया या भाव;	ಸಂಕಲ್ಪ ಮಾಡುವಿಕೆ;	संकल्प माडुविके;	making a vow;
		2. धारणा;	ಧಾರಣೆ;	धारणे;	concept;
		3. इच्छा ।	ಇಚ್ಛೆ	इच्छे	desire.
संकल्पित	वि.	1. जिसका संकल्प किया गया हो;	ಸಂಕಲ್ಪಿಸಿದ;	संकल्पिसिद;	determined, resolved upon;
		2. जिसकी कल्पना की गई हो ।	ಕಲ್ಪನೆ ಮಾಡಿದ	कल्पने माडिद	imagined, fancied.
संकाय	पुं.	उच्च कोटि के अध्ययन के लिए ज्ञान-विज्ञान आदि का कोई विशिष्ट विभाग या शाखा ।	ಜ್ಞಾನ-ವಿಜ್ಞಾನಗಳ ವಿಶಿಷ್ಟಾಧ್ಯಯನ ವಿಭಾಗ	ज्ञान-विज्ञानगळ विशिष्टाध्ययन विभाग	faculty.
संकीर्ण	वि.	तंग, संकुचित ।	ಇಕ್ಕಟ್ಟಾದ	इक्कट्टाद	narrow, parochial.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संकीर्णता	स्त्री.	संकीर्ण होने की अवस्था या भाव ।	ವೈಶಾಲ್ಯವಿಲ್ಲದಿರುವಿಕೆ	वैशाल्य विल्लदिरुविके	narrowness, parochiality.
संकीर्तन	पुं.	सम्यक् वर्णन, देवता के नाम का जाप, गुणगान आदि ।	ಮಹಿಮಾಗಾನ	महिमागान	glorification (of a deity), singing of hymns or devotional songs.
संकुचन	पुं.	सिकुड़ना, संकुचित होना ।	ಸಣ್ಣದಾಗುವಿಕೆ, ಸಂಕೋಚಗೊಳ್ಳುವಿಕೆ	सण्णदागुविके, संकोचगॊळ्ळुविके	contraction, shrinking.
संकुचित	वि.	1. सिकुड़ा या सिकोड़ा हुआ;	ಸಣ್ಣದಾದ;	सण्णदाद;	contracted, abridged;
		2. तंग, संकरा ।	ಇಕ್ಕಟ್ಟಾದ	इक्कट्टाद	narrow, strait, parochial.
संकुल	वि.	1. घना;	ಸಾಂದ್ರ, ನಿಬಿಡ, ದಟ್ಟ;	सांद्र, निबिड, दट्ट;	thick, dense, congested;
		2. भरा हुआ, पूर्ण ।	ತುಂಬಿದ	तुंबिद	filled (with), full (of).
संकुलता	स्त्री.	संकुल होने की अवस्था या भाव ।	ನಿಬಿಡವಾಗಿರುವಿಕೆ	निबिडवागिरुविके	congestion, crowd.
संकेत	पुं.	1. अभिप्रायसूचक अंगचेष्टा, इशारा ।	ಸನ್ನೆ;	सन्ने;	a sign, gesture, hint, signal;
		2. चिह्न, निशान ।	ಗುರುತು	गुरुतु	sign, mark, token.
संकेतित	वि.	1. जिसके संबंध में संकेत हुआ हो;	ಗುರುತು ಹಚ್ಚಲ್ಪಟ್ಟ;	गुरुतु हच्चल्पट्ट;	indicated;
		2. निश्चित ।	ನಿಶ್ಚಯಿಸಿದ	निश्चयिसिद	agreed upon, fixed by.
संकोच	पुं.	1. सिकुड़ने की क्रिया या भाव;	ಸಣ್ಣದಾಗುವಿಕೆ;	सण्णदागुविके;	shrinking up, contraction;
		2. झिझक, हिचक;	ಸಂಕೋಚ;	संकोच;	hesitation;
		3. लज्जा ।	ನಾಚಿಕೆ	नाचिके	modesty, shyness.
संकोची	वि.	1. संकुचित होनेवाला, सिकुड़नेवाला;	ಸಣ್ಣದಾಗುವ;	सण्णदागुव;	shrinking, contracting;
		2. झिझकनेवाला;	ಸಂಕೋಚಪಡುವ;	संकोचपडुव;	hesitant;
		3. लज्जालु ।	ನಾಚುವ	नाचुव	shy, bashful, modest.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संक्रमण	पुं.	1. एक स्थिति या अवस्था से दूसरी में प्रवेश;	ಒಂದರಿಂದ ಮತ್ತೊಂದನು ಸೇರುವಿಕೆ;	आंदरिंद मत्तांदन्नु सेरुविक;	transition;
		2. रोग आदि का फैलते हुए एक से दूसरे को होना।	(ರೋಗ) ಅಂಟಿಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ	(रोग) अंटि कोळ्ळुविक	infection.
संक्रमण काल	पुं.	वह समय जब कोई पहले रूप से बदलकर दूसरे रूप में आ रहा हो।	ಸಂಕ್ರಮಣ ಕಾಲ	संक्रमण काल	transitional period.
संक्रमित	वि.	1. किसी के अन्दर पहुंचाया या प्रविष्ट किया हुआ;	ಒಳಹೊಕ್ಕ;	ओळहोक्क;	conducted, led to;
		2. परिवर्तित किया या बदला हुआ।	ಬದಲಾವಣೆಗೊಂಡ	बदलावणगोंड	transferred, changed.
संक्रांत	वि.	1. गमन;	ಸರಿದ;	सरिद;	passed, gone;
		2. प्रविष्ट;	ಪ್ರವೇಶಿಸಿದ;	प्रवेशिसिद;	passed through or into, entered into;
		3. स्थानांतरित।	ಜಾಗ ಬದಲಾಯಿಸಿದ	जाग बदलायिसिद	transferred.
संक्रांति	स्त्री.	1. सूर्य का एक राशि से दूसरी राशि में जाना;	ಸೂರ್ಯನ ಒಂದು ರಾಶಿಯಿಂದ ಮತ್ತೊಂದು ರಾಶಿಗೆ ಗಮನ;	सूर्यन आंद्रु राशियिंद मत्तांदु राशिगं गमन;	passage of the sun or a planet from one sign or position in the heaven into another;
		2. वह दिन जिसमें सूर्य का उक्त प्रकार का संचार होता है।	ರಾಶಿಯಿಂದ ರಾಶಿಗೆ ಸೂರ್ಯನು ಗಮಿಸುವ ದಿನ	राशियिंद राशिगं सूर्यनु गमिसुव दिन	the above day observed as a festival.
संक्रामक	वि.	एक से दूसरे में संक्रमण करनेवाला, छूत आदि से फैलनेवाला (रोग)।	(ರೋಗ) ಅಂಟುವಂತಹ, ಹರಡುವಂತಹ	(रोग) अंटुवंतह, हरडुवंतह	infectious (disease).
संक्षिप्त	वि.	1. छोटा किया हुआ (पुस्तक आदि का रूप);	ಸಂಕ್ಷೇಪವಾದ;	संक्षेपवाद;	short, abridged;
		2. संक्षेप में कहा या लिखा गया।	ಸಂಕ್ಷೇಪವಾಗಿ ಹೇಳಿದ, ಬರೆದ	संक्षेपवागि हेळिद, बरेद	brief, concise.
संक्षिप्ति	स्त्री.	संक्षिप्तीकृत रूप, संक्षिप्त शब्द।	ಸಂಕ್ಷೇಪ ಶಬ್ದ	संक्षेप शब्द	abbreviation.
संक्षिप्तीकरण	पुं.	किसी कथा, विषय आदि को संक्षिप्त करना।	ಸಂಕ್ಷೇಪ ಮಾಡುವಿಕೆ	संक्षेप माडुविक	abridgement, summarization.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संक्षेप	पुं.	1. थोड़े में कही बात का रूप; 2. लेख आदि का काट-छांट कर कम किया हुआ रूप ।	ಸಂಕ್ಷೇಪ	संक्षेप	an abridgement, summary; epitome, precis.
संखिया	पुं.	एक बहुत तेज विष ।	ಶಂಖ ಪಾಷಾಣ	शंख पाषाण	arsenic.
संख्या	स्त्री.	1. गणना, गिनती;	ಎಣಿಕೆ;	ऎणिकॆ;	reckoning, calculation;
		2. 1, 2, 3 आदि अंक ।	ಸಂಖ್ಯೆ, ಅಂಕಿ	संख्यॆ, अंकि	number, figure.
संग	पुं.	साथ होने या रखने की अवस्था या भाव, साथ, सोहबत ।	ಸಂಗ, ಜತೆಯಲ್ಲಿರುವಿಕೆ	संग, जतॆयल्लि-रुविकॆ	association, company, contact.
संगठन	पुं.	कार्य विशेष की सिद्धि के लिए निर्मित कोई संस्था ।	ಸಂಘಟನೆ, ಸಂಸ್ಥೆ, ಸಂಘ	संघटनॆ, संस्थॆ, संघ	organization, set up.
संगठित	वि.	कार्य विशेष के लिए परस्पर संबद्ध ।	ಸಂಘಟಿತ	संघटित	organized.
संगणन	पुं.	गणना का वह गंभीर और जटिल प्रकार और रूप जिसमें साधारण गणना के सिवा अनुभवों और नियत सिद्धांतों आदि का भी उपयोग होता है ।	ಗಣನೆ	गणनॆ	computation.
संगत	स्त्री.	1. संग रहने या होने का भाव, सोहबत;	ಒಂದಿಗೆ ಸಹವಾಸದಲ್ಲಿರುವಿಕೆ;	ऒंदिगॆ सहवास-दल्लिरुविकॆ;	company;
		2. गाने वाले के साथ सारंगी तबला आदि बजाना ।	ಪಕ್ಕವಾದ್ಯ	पक्कवाद्य	accompaniment (in music).
	वि.	1. मिला हुआ या लगा हुआ;	ಸೇರಿದ;	सेरिद;	relevant;
		2. उपयुक्त, मौजूं;	ಉಪಯೋಗಿಯಾದ;	उपयोगियाद;	proper, apt;
		3. पूर्वापर संबंध के विचार से मेल खानेवाला ।	ಪೂರ್ವಾಪರ ಸಂಬಂಧ ಹೊಂದಿರುವ	पूर्वापर संबंध हॊंदिरुव	logical, compatible.
संगति	स्त्री.	1. मिलन, संपर्क;	ಸಹವಾಸ;	सहवास;	company, society, association;
		2. सामंजस्य, उपयुक्तता ।	ಸಾಮಂಜಸ್ಯ, ಉಪಯುಕ್ತತೆ	सामंजस्य, उपयुक्ततॆ	fitness, appropriateness.
संगतिया (संगती)	पुं.	गाने आदि के साथ साथ बजानेवाला ।	ಪಕ್ಕವಾದ್ಯದವನು	पक्कवाद्यदवनु	an accompanyist.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संगदिल	वि.	निर्दय, बेरहम ।	ನಿರ್ದಯಿ	निर्दय	hard-hearted, unfeeling, cruel.
संगम	पुं.	1. दो धाराओं या नदियों के मिलने का स्थान; 2. मिलन, संयोग ।	ಸಂಗಮ;	संगम	confluence (of rivers); union, junction, conjunction.
संगमरमर	पुं.	सफेद रंग का एक प्रकार का बहुत चिकना और मूल्यवान प्रसिद्ध पत्थर ।	ಹಾಲು ಕಲ್ಲು, ಅಮೃತ ಶಿಲೆ	हालु कल्लु, अमृत शिले	marble.
संगरोध	पुं.	वह क्रिया या व्यवस्था जिसके अनुसार देश में बाहर से आनेवाले किसी संक्रामक रोग के रोकने के लिए मार्ग में या किसी स्थान पर यात्रियों को कुछ समय के लिए रखा जाता है ।	ರೋಗ ನಿರೋಧಕ ನಿರ್ಬಂಧ	रोग निरोधक निर्बंध	quarantine.
संगिनी	स्त्री.	1. साथ रहनेवाली स्त्री, सहचरी; 2. पत्नी, भार्या ।	ಜತೆಗಾತಿ; ಹೆಂಡತಿ	जतेगाति; हेंडति	female companion; wife.
संगी	पुं.	जो प्रायः सदा संग रहता हो, साथी ।	ಸಂಗಡಿಗ	संगडिग	companion, associate.
संगीत	पुं.	ध्वनियों या स्वरों का कुछ विशिष्ट नियमों के अनुसार विशिष्ट लय में होनेवाला प्रस्फुटन ।	ಸಂಗೀತ	संगीत	music.
संगीतज्ञ	पुं.	संगीत विद्या का ज्ञाता, गायक या वादक ।	ಸಂಗೀತಗಾರ	संगीतगार	musician.
संगीन	वि.	1. पत्थर का बना हुआ; 2. सख्त, कठोर, मजबूत; 3. गंभीर ।	ಕಲ್ಲಿನಿಂದ ಮಾಡಿದ; ಗಟ್ಟಿಯಾಗಿರುವ; ಗಂಭೀರ ಸ್ಥಿತಿಯ	कल्लिनिंद माडिद; गट्टियागिरुव; गंभीर स्थितिय	made of stone; hard, firm, solid; grave, serious.
	स्त्री.	बंदूक में लगाया जानेवाला छुरी के आकार का लंबा नोकदार हथियार ।	ಬಂದೂಕಿಗೆ ಸೇರಿಸಿದ ನೀಳವಾದ ಚೂಪಾಗಿರುವ ಕತ್ತಿ	बंदूकिगे सेरिसिद नीळवाद चूपागिरुव कत्ति	bayonet.
संगूढ़	वि.	सुरक्षित, छिपाया हुआ ।	ಗುಪ್ತವಾಗಿರುವ	गुप्तवागिरुव	completely concealed or hidden.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संगृहीत	वि.	संग्रह किया हुआ, एकत्र किया हुआ ।	ಸಂಗ್ರಹಿಸಲ್ಪಟ್ಟ	संग्रहिसल्पट्ट	collected, compiled.
संगोपन	पुं.	अच्छी तरह से छिपा कर रखना ।	ಸುಳಿವೂ ತಿಳಿಯದಂತೆ ರಹಸ್ಯವನ್ನು ರಕ್ಷಿಸುವಿಕೆ	सुळिवू तिळियदंतॆ रहस्यवन्नु रक्षिसुविकॆ	complete concealment.
संगोपनीय	वि.	छिपाकर रखने योग्य ।	ರಹಸ್ಯವಾಗಿರಿಸಲು ಅರ್ಹವಾದ	रहस्यवागिरिसलु अर्हवाद	to be completely hidden, concealed.
संग्रह	पुं.	1. एकत्र करने की क्रिया या भाव, संचय;	ಸೇರಿಸುವಿಕೆ;	सेरिसुविकॆ;	collection;
		2. इकट्ठी की हुई चीजों का समूह या ढेर ।	ಸೇರಿಸಿಟ್ಟ ವಸ್ತುಗಳು	सेरिसिट्ट वस्तुगळु	depository, storage.
संग्रहण	पुं.	1. ग्रहण करना, लेना;	ತೆಗೆದುಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ;	तॆगॆदुकॊळ्ळुविकॆ;	taking hold of, seizing;
		2. संकलन करना, एकत्र करना ।	ಒಂದುಗೂಡಿಸುವಿಕೆ	ऒंदुगूडिसुविकॆ	collecting.
संग्रहणी	स्त्री.	अतिसार का एक रूप जिसमें खाना बिना पचे ही मल के रूप में निकल जाता है ।	ಅತಿಸಾರ (ತಿಂದದ್ದು ತಿಂದಂತೆ ಭೇದಿಯಾಗುವ ರೋಗ)	अतिसार (तिंदद्दु तिंदतॆ भेदियागुव रोग)	dysentery.
संग्रहणीय	वि.	संग्रह करने योग्य ।	ಸಂಗ್ರಹಯೋಗ್ಯ	संग्रहयोग्य	fit to be collected or preserved or acquired.
संग्रहालय	पुं.	वह स्थान जहां विशेष महत्व की वस्तुओं का संग्रह किया गया हो ।	ಸಂಗ್ರಹಾಲಯು	संग्रहालय	museum.
संग्रही (संग्रहीता)	पु.	एकत्र करनेवाला ।	ಸಂಗ್ರಹಿಸುವವ	संग्रहिसुवव	collector, procurer.
संग्राहक	वि.	एकत्र या जमा करनेवाला ।	ಸಂಗ್ರಹಿಸುವ	संग्रहिसुव	collector, compiler.
संग्राह्य	वि.	जमा करके रखने लायक ।	ಸಂಗ್ರಹಯೋಗ್ಯ	संग्रहयोग्य	fit to be collected or preserved.
संघ	पुं.	1. समूह, झुंड, दल;	ಸಮೂಹ;	समूह;	assemblage, multitude, crowd;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. विशेष उद्देश्य की पूर्ति के लिए बना हुआ संगठन;	ಸಂಘ;	संघ;	organization, association.
		3. प्राचीन भारत में एक प्रकार का लोकतंत्री राज्य जिसकी व्यवस्था जनता के चुने हुए प्रतिनिधि करते थे;	ರಾಜ್ಯ ಸಂಘ;	राज्य संघ;	federation, union;
		4. आधुनिक राजनीति में राज्यों, राष्ट्रों आदि के पारस्परिक समझौते से बननेवाला ऐसा संगठन जो कुछ विशिष्ट बातों में एक केन्द्रीय सत्ता का अधिकार एवं अनुशासन मानता हो ।	ಸಂಘ ರಾಜ್ಯ	संघ राज्य	federation, union.
संघटन	पुं.	दे. 'संगठन' ।	ನೋಡಿ "संगठन"	नोडि "संगठन"	see 'संगठन'.
संघटित	वि.	दे. 'संगठित' ।	ನೋಡಿ "संगठित"	नोडि "संगठित"	see 'संगठित'.
संघर्ष	पुं.	1. दो वस्तुओं का आपस में रगड़ खाना;	ತಿಕ್ಕಾಟ;	तिक्काट;	competition, emulation;
		2. होड़, स्पर्द्धा;	ಪೈಪೋಟಿ;	पैपोटि;	competition, emulation;
		3. दो विरोधी दलों में एक दूसरे को दबाने के लिए होनेवाला कोई ऐसा प्रयत्न जिसमें दोनों अपनी सारी शक्ति लगा देते हैं;	ಹಿಮ್ಮೆಟ್ಟುವಂತೆ ಮಾಡುವ ದಬಾವಣೆ;	हिम्मॆट्टुवंतॆ माडुव दबावणॆ;	rivalry, contest for superiority;
		4. कठिनाइयों या प्रबल विरोधी शक्तियों को दबाने के लिए प्राणपण से की जानेवाली चेष्टा ।	ಹೋರಾಟ	होराट	struggle.
संचित	वि.	इकट्ठा किया हुआ, एकत्र किया हुआ ।	ಕೂಡಿಟ್ಟ; ಸಂಗ್ರಹ ಮಾಡಿದ	कूडिट्ट, संग्रह माडिद	accumulated, collected.
संजीवनी	स्त्री.	मृत को जीवित करनेवाली एक कल्पित औषधि ।	ಸತ್ತವರನ್ನು ಬದುಕಿಸುವ ಒಂದು ಕಾಲ್ಪನಿಕ ಔಷಧ	सत्तवरन्नु बदुकिसुव ऒंदु काल्पनिक औषध	a kind of elixir (said to restore the dead to life).

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संजोना	स. क्रि.	1. सजाना, सज्जित करना;	ಅಲಂಕರಿಸು;	अलंकरिसु;	to decorate, to embellish;
		2. सामग्री आदि एकत्र करके क्रम से रखना ।	ಕ್ರಮವಾಗಿರಿಸು	क्रमवागिरिसु	to put together, to arrange.
संज्ञा	स्त्री.	1. चेतना शक्ति, होश;	ಪ್ರಜ್ಞೆ;	प्रज्ञॆ;	consciousness, sense;
		2. वस्तु, व्यक्ति आदि का नाम;	ನಾಮ;	नाम;	name, designation, appellation;
		3. व्याकरण में वह विकारी शब्द, जो किसी वास्तविक या कल्पित वस्तु का द्योतक होता है ।	ನಾಮಪದ	नामपद	(in gram.) a noun substantive.
संज्ञाहीन	वि.	चेतनारहित, बेहोश ।	ಪ್ರಜ್ಞೆ ತಪ್ಪಿದ	प्रज्ञॆ तप्पिद	unconscious.
संड़सी	स्त्री.	रसोई में बरता जानेवाला एक तरह का कैंचीनुमा उपकरण जिससे बटलोई आदि चूल्हे पर से उतारे जाते हैं ।	ಇಕ್ಕಳ	इक्कळ	pair of pincers or forceps.
संडास	पुं.	कुएँ की तरह का एक प्रकार का गहरा गड्ढा जिसमें लोग मल त्याग करते हैं ।	ಪಾಯಖಾನೆ ಗುಂಡಿ	पायखानॆ गुंडि	a cesspool, latrine.
संत	पुं.	साधु, धर्मात्मा, महात्मा ।	ಸಾಧು	साधु	a pious or venerable man, a saint.
संतत	क्रि. वि.	निरन्तर, लगातार।	ಯಾವಾಗಲೂ, ಸದಾ	यावागलू, सदा	continuous, uninterrupted.
संतति	स्त्री.	संतान, बाल-बच्चे ।	ಸಂತಾನ, ಮಕ್ಕಳುಮರಿ	संतान, मक्कलु-मरि	offspring, posterity.
संतप्त	वि.	1. बहुत अधिक तपा या जला हुआ;	ನೊಂದ;	नॊंद;	greatly heated or inflamed, red-hot;
		2. दुखी, पीड़ित ।	ಪೀಡಿತ	पीडित	tormented, distressed, afflicted.
संतरा	पुं.	एक प्रकार का बड़ा और मीठा नीबू ।	ಕಿತ್ತಳೆ	कित्तळॆ	orange.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संतरी	पुं.	किसी स्थान पर पहरा देनेवाला सिपाही, पहरेदार ।	ಕಾವಲುಗಾರ	कावलुगार	sentry.
संतान	पुं.	संतति, औलाद ।	ಸಂತಾನ ಮಕ್ಕಳು-ಮರಿ	संतान, मक्कळु-मरि	progeny, offspring, issue.
संताप	पुं.	1. अग्नि, धूप आदि का बहुत तीव्र ताप; 2. कष्ट, पीड़ा; 3. पाप आदि करने पर मन में होनेवाला अनुताप ।	ಧಗೆ; ಕಷ್ಟ, ಪೀಡೆ; ಅನುತಾಪ	धगॆ; कष्ट, पीडॆ; अनुताप	great heat, burning heat; affliction, pain; remorse, penitence, repentance.
संतुलन	पुं.	1. तौलते समय दोनों पलड़ों का बराबर होना; 2. वह स्थिति जिसमें सभी अंग बराबर के या यथास्थान हों ।	ಸಮತೂಕ; ಸರಿಸಮ	समतूक; सरिसम	balance, equilibrium; equipoise.
संतुलित	वि.	1. जिसका संतुलन हुआ हो; 2. न अधिक, न कम, ठीक ।	ಸಂತುಲಿತ	संतुलित	balanced, equipoised; equal.
संतुष्ट	वि.	1. जिसका संतोष कर दिया गया हो अथवा हो गया हो, तृप्त; 2. जो समझाने-बुझाने से मान गया हो या राजी हो गया हो ।	ತೃಪ್ತ; ಸಂತೋಷಗೊಂಡ	तृप्त; संतोषगॊंड	satisfied, gratified, contented; consoled, comforted.
संतुष्टि	पुं.	1. संतुष्ट होने की क्रिया या भाव, तृप्ति; 2. तृप्ति, प्रसन्नता; 3. धैर्य ।	ತೃಪ್ತಿ; ಪ್ರಸನ್ನತೆ; ಸಹನೆ	तृप्ति; प्रसन्नतॆ; सहनॆ	satisfaction, contentment, gratification; delight; patience.
संतोषी	वि.	संतुष्ट रहनेवाला, सब्र करनेवाला ।	ಸಂತೋಷದಿಂದಿರುವ	संतोषदिंदिरुव	satisfied, contented.
संत्रस्त	वि.	बहुत अधिक डरा हुआ ।	ಭಯಗ್ರಸ್ತ, ಹೆದರಿದ	भयग्रस्त, हॆदरिद	frightened, alarmed.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संदर्भ	पुं.	पुस्तक, लेख आदि में वर्णित प्रसंग, विषय आदि जिसका विचार या उल्लेख हो, प्रसंग ।	ಪ್ರಸಂಗ, ಸಂದರ್ಭ	प्रसंग, संदर्भ	reference, context.
संदर्भ ग्रन्थ	पुं.	ऐसा ग्रन्थ जिसे कुछ विशिष्ट प्रसंगों की जानकारी या विमर्श के लिए देखा जाता है, साधारणतः आद्योपान्त पढ़ा नहीं जाता ।	ಸಂದರ್ಭ ಗ್ರಂಥ	संदर्भ ग्रंथ	reference book.
संदर्शन	पुं.	दे. 'मार्गदर्शन' ।	ಮಾರ್ಗದರ್ಶನ	मार्गदर्शन	see 'मार्गदर्शन'.
संदल	पुं.	चंदन	ಗಂಧ, ಚಂದನ	गंध, चंदन	sandal wood.
संदली	वि.	चंदन का, चंदन के रंग का ।	ಗಂಧದ ಮರದಿಂದ ಮಾಡಿದ	गंधद मरदिंद माडिद	made of sandal wood, of the colour of sandal wood.
	स्त्री.	ऊंची तिपाई, कुर्सी या चौकी ।	ಮೇಜು, ಪೀಠ ವಗೈರೆ	मेजु, पीठ वगैरे	bench, seat.
संदिग्ध	वि.	1. जिसके संबंध में संदेह या भ्रम हुआ हो; 2. जिसके संबंध में किसी प्रकार का अनिश्चय हो ।	ಸಂದೇಹಾಸ್ಪದ; ಅನಿಶ್ಚಿತ	संदेहास्पद; अनिश्चित	dubious, doubtful; uncertain, ambiguous.
संदिग्धता	स्त्री.	संदिग्ध होने की अवस्था, धर्म या भाव ।	ಸಂದೇಹಾವಸ್ಥೆ	संदेहावस्थे	uncertainty, doubt, ambiguity.
संदीपन	पुं.	तीव्र या प्रबल करने की क्रिया या भाव, उद्दीपन ।	ಉದ್ದೀಪನೆ	उद्दीपने	kindling, exciting, provoking.
संदीप्त	वि.	प्रज्वलित, जिसका उद्दीपन हुआ हो ।	ಪ್ರಜ್ವಲಿತ	प्रज्वलित	kindled or inflamed, excited, stimulated.
संदेश	पुं.	1. खबर, समाचार;	ಸಂದೇಶ	संदेश	news, tidings;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. वह कथन या बात जो प्राय: लिखित या मौखिक रूप में एक व्यक्ति द्वारा दूसरे व्यक्ति को भेजी जाती है ।			report, message.
संदेशवाहक	पुं.	संदेश या समाचार ले जानेवाला ।	ಹರಿಕಾರ, ಸಂದೇಶ ವನ್ನು ಒಯ್ಯುವವ	हरिकार, संदेशवन्नु ओय्युवव	messenger.
संदेशहर	पुं.	दे. 'संदेशवाहक' ।	ನೋಡಿ "संदेशवाहक"	नोडि "संदेशवाहक"	see '**संदेशवाहक**'.
संदेशा	पुं.	दे. '**संदेश**' ।	ನೋಡಿ "संदेश"	नोडि "संदेश"	see '**संदेश**'.
संदेह	पुं.	किसी वस्तु अथवा बात के सम्बन्ध में मन में होनेवाला यह भाव या विचार कि कहीं यह अनुचित, त्याज्य या दूषित तो नहीं है अथवा क्या इसकी सत्यता मानने योग्य है, शक ।	ಸಂದೇಹ	संदेह	doubt, uncertainty, suspicion.
संदेहात्मक	वि.	संदेहपूर्ण, संदिग्ध ।	ಸಂದೇಹಾತ್ಮಕ	संदेहात्मक	doubtful.
संधान	पुं.	1. निशाना बैठाना;	ಗುರಿ ಸಾಧಿಸುವಿಕೆ;	गुरि साधिसुविकॆ;	fixing (an arrow to a bow etc.);
		2. दो वस्तुओं का मिलना ।	ಸೇರಿಸುವಿಕೆ	सेरिसुविकॆ	act of placing or holding together.
संधि	स्त्री.	1. समझौता, सुलह;	ಸಂಧಿ	संधि	treaty;
		2. वह स्थान जहां एक वस्तु दूसरी में जुड़ी हो, जोड़;			joint, articulation;
		3. दरार;			breach, chasm;
		4. व्याकरण में शब्दों के रूपों में होनेवाला वह विकार जो दो अक्षरों के पास-पास करने पर उनके योग के कारण होता है;			conjunction;
		5. परिवर्तन काल;			period of transition;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		6. नाटक में किसी प्रधान प्रयोजन के साधक कथांशों का किसी एक मध्यवर्ती प्रयोजन के साथ होनेवाला संबंध ।			division or joint (in a drama).
संध्या	स्त्री.	1. दिन और रात दोनों के मिलने का समय;	ರಾತ್ರಿ ಹಗಲುಗಳ ಸಂಧಿ ಕಾಲ;	रात्रि हगलुगळ संधिकाल;	twilight or evening;
		2. उस समय किया जानेवाला धार्मिक कृत्य जो प्रात: सायं और मध्याह्न में किया जाता है;	ಸಂಧ್ಯಾವಂದನೆ;	संध्यावंदनॆ;	evening prayer;
		3. दो युगों के मिलने का समय ।	ಎರಡು ಯುಗಗಳ ಸಂಧಿ ಸಮಯ	ऍरडु युगगळ संधि समय	period which precedes a Yuga, time intervening between the expiration of one Yuga and the commencement of another.
संन्यास	पुं.	1. हिन्दुओं के चार आश्रमों में से अंतिम जिसमें सब प्रकार के सांसारिक संबंध छोड़कर मनुष्य त्यागी और विरक्त हो जाता है;	ಸಂನ್ಯಾಸ.	संन्यास	the fourth religious order (asram);
		2. पूरी तरह से छोड़ना, परित्याग करना ।			relinquishment, resignation, abandonment.
संन्यासी	पुं.	1. जिसने संन्यास आश्रम ग्रहण किया हो;	ಸಂನ್ಯಾಸಿ;	संन्यासि	a Brahman of the fourth order or asram;
		2. त्यागी और विरक्त ।			one who abandons or resigns.
संपत्ति	स्त्री.	1. धन-दौलत और जायदाद;	ಐಶ್ವರ್ಯ, ಸಂಪತ್ತು;	ऐश्वर्य, संपत्तु;	opulence, wealth, property;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. कोई ऐसी वस्तु जो महत्व की हो और जिसे संजोया जाता हो ।	ಸಂರಕ್ಷಿತಗೊಳಿಸಿದ ಆಸ್ತಿ	सुरक्षितगॉळिसिद आस्ति	attainment, acquisition, possession.
संपदा	स्त्री.	**धन दौलत, ऐश्वर्य ।**	ಆಸ್ತಿಪಾಸ್ತಿ, ಐಶ್ವರ್ಯ	आस्ति-पास्ति, ऐश्वर्य	wealth, opulence, estate.
संपन्न	वि.	**1. पूरा किया हुआ, पूर्ण, साधित;**	ಪೂರ್ಣಗೊಳಿಸಿದ;	पूर्णगॉळिसिद;	accomplished, effected, completed;
		2. किसी गुण या वस्तु से युक्त;	ಗುಣಗಣಪೂರ್ಣವಾದ;	गुणगणपूर्णवाद;	endowed (with), possessed (of);
		3. धनी, अमीर ।	ಧನಿಕ	धनिक	prosperous, thriving, rich.
संपर्क	पुं.	**1. मेल, संयोग;**	ಸಂಪರ್ಕ;	संपर्क;	mixture;
		2. आपस में होनेवाला किसी प्रकार का लगाव या वास्ता;	ಪರಸ್ಪರ ಸಂಬಂಧ;	परस्पर संबंध;	contact, association,
		3. स्पर्श;	ಸ್ಪರ್ಶ;	स्पर्श;	touch;
		4. गणित में राशियों का जोड़ ।	(ಗಣಿತ) ಕೂಡುವಿಕೆ, ಜೋಡಣೆ	(गणित) कूडुविकॅ, जोडणॅ	addition, sum.
संपादक	पुं. 1.	**वह जो किसी पुस्तक, सामयिक पत्र आदि के सब लेख या विषय अच्छी तरह ठीक करके या देखकर उन्हें प्रकाशन के योग्य बनाता हो ;**	ಸಂಪಾದಕ	संपादक	editor;
	2.	**कोई काम पूरा करनेवाला, प्रस्तुत या तैयार करनेवाला ।**			one who accomplishes or obtains.
संपादकीय	वि.	**संपादक संबंधी या संपादक का ।**	ಸಂಪಾದಕೀಯ	संपादकीय	editorial.
	पुं.	**संपादक द्वारा लिखी हुई टिप्पणी या अग्रलेख ।**			(an) editorial.
संपादन	पुं.	**1. पूरा करना, प्रस्तुत करना;**	ಪ್ರಸ್ತುತಗೊಳಿಸುವಿಕೆ;	प्रस्तुत गॉळिसुविकॅ;	accomplishing, effecting, fulfilment;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. ग्रन्थादि शुद्ध कर उन्हें प्रकाशन योग्य बनाना या सामयिक या दैनिक पत्र विषय आदि की दृष्टि से ठीक करना और उसका संचालन करना ।	(ಪತ್ರಿಕೆ, ಪುಸ್ತಕ) ಸಂಪಾದನೆಯ ಕಾರ್ಯ	(पत्रिकॆ, पुस्तक) संपादनॆय कार्य	editing.
संपादित	वि.	जिसका संपादन किया गया हो ।	ಸಂಪಾದನೆ ಮಾಡಿ ಸಂಗ್ರಹಿಸಲ್ಪಟ್ಟ	संपादनॆ माडि संग्रहिसल्पट्ट	accomplished, edited.
संपीडन	पुं.	1. चारों ओर से इस प्रकार दबाना कि उसका विस्तार कम हो जाए;	ಹಿಚುಕುವಿಕೆ;	हिचुकुविकॆ;	squeezing together, compression;
		2. कष्ट देना ।	ತ್ರಾಸ ಕೊಡುವಿಕೆ	त्रास कॊडुविकॆ	pain, torture.
संपुट	पुं.	1. कटोरे जैसी कोई वस्तु, दोना;	ಭರಣಿ;	भरणि;	hemispherical bowl;
		2. अंजलि ।	ಅಂಜಲಿ	अंजलि	space between two palms.
संपूर्ण	वि.	1. आदि से अंत तक सब, सारा;	ಸಂಪೂರ್ಣ	संपूर्ण	all, whole, complete;
		2. पूरा या समाप्त किया हुआ ।			completed, finished.
संपेरा	पुं.	सांप पकड़ने, पालने या सांप का तमाशा दिखलानेवाला ।	ಹಾವಾಡಿಗ	हावाडिग	snake-charmer.
संप्रति	अव्य.	आजकल में, इस समय ।	ಈಗ	ईग	now, at present.
संप्रदान	पुं.	1. व्याकरण में एक कारक जो उस संज्ञा की स्थिति का बोध कराता है जिसके निमित्त कोई कार्य किया गया होता है;	ಸಂಪ್ರದಾನ	संप्रदान	(in Gram.) dative case;
		2. देना, प्रदान करना ।			giving, bestowing.
संप्रदाय	पुं.	1. परम्परा से चला आया हुआ ज्ञान या सिद्धान्त;	ಸಂಪ್ರದಾಯ	संप्रदाय	traditional doctrine or knowledge;
		2. किसी धर्म के अन्तर्गत कोई विशिष्ट मत या सिद्धान्त ।			a peculiar system of religious teaching;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. एक ही तरह का मत या सिद्धांत रखनेवाले लोगों का समूह या वर्ग ।			sect, community.
संप्रदायवाद	पुं.	केवल अपने ही संप्रदाय को विशेष महत्व देना और अन्य संप्रदायवालों से द्वेष करना ।	ಸಂಪ್ರದಾಯವಾದ	संप्रदायवाद	communalism, sectarianism.
संबंध	पुं.	1. रिश्ता, नाता;	ಸಂಬಂಧ;	संबंध;	relation, relationship;
		2. आपस में होनेवाली घनिष्ठता या मेलजोल;	ಪರಸ್ಪರ ಸ್ನೇಹ;	परस्पर स्नेह;	friendly connection, friendship;
		3. व्याकरण में छठा कारक जिसमें एक शब्द के साथ दूसरे शब्द का संबंध या लगाव सूचित होता है ।	(ವ್ಯಾಕರಣ) ಷಷ್ಠಿ ವಿಭಕ್ತಿ	(व्याकरण) षष्ठि विभक्ति	relation, as the meaning of the genitive case (in Gra.).
संबंधी	वि.	संबंध या लगाव रखनेवाला ।	ಸಂಬಂಧಿಸಿದ	संबंधिसिद	connected with, belonging to, related (to).
	पुं.	वह जिसके साथ रक्त अथवा विवाह का संबंध हो ।	ಸಂಬಂಧಿಗಳು, ಬೀಗರು	संबंधिगळु, बीगरु	relative, kinsman.
संबद्ध	वि.	1. किसी के साथ जुड़ा हुआ, मिलाया गया हुआ;	ಸಂಬಂಧಿಸಿದ;	संबंधिसिद;	joined, bound or fastened together, attached;
		2. किसी प्रकार का संबंध रखनेवाला ।	ಸಂಬಂಧಪಟ್ಟ	संबंधपट्ट	connected with, related to, belonging to.
संबल	पुं.	1. कोई ऐसी वस्तु जिससे किसी कार्य या बात में आगे बढ़ने में पूरी-पूरी सहायता मिलती हो या जिसका आश्रय लिया जाता हो, सहारा;	ಆಧಾರ, ಆಶ್ರಯ;	आधार, आश्रय;	support, backing;
		2. पाथेय ।	ದಾರಿಬುತ್ತಿ, ಪಾಥೇಯ	दारिबुत्ति, पाथेय	stock of provision for a journey.
संबोधन	पुं.	1. आह्वान करना, पुकारना;	ಕರೆ;	करे;	calling to, addressing;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. वह शब्द जिससे किसी को पुकारा जाता है;	ಕರೆಯಲು ಉಪಯೋಗಿಸುವ ಶಬ್ದ;	करॆयलु उपयोगिसुव शब्द;	an epithet (used in calling a person);
		3. व्याकरण में आठवां कारक ।	(ವ್ಯಾಕರಣ) ಸಂಬೋಧನಾ ವಿಭಕ್ತಿ	(व्याकरण) संबोधना विभक्ति	(in Gram.) vocative case.
संबोधित	वि.	जिसका संबोधन किया गया हो ।	ಕರೆಯಲ್ಪಟ್ಟ	करॆयल्पट्ट	called to, addressed.
संभलना	अ. क्रि.	1. अपनी बिगड़ती हुई स्थिति को ठीक कर लेना;	ಸರಿಪಡಿಸಿ ಸುಧಾರಿಸು;	सरिपडिसि सुधारिसु;	to recover oneself (from a stumble or fall etc.);
		2. रुकना, थमना, काबू में रहना;	ತಡೆಹಿಡಿ;	तडॆहिडि;	to stand, to stop;
		3. सावधान होना, चोट आदि से बचाव करना ।	ಎಚ್ಚರದಿಂದಿರು	ऎच्चरदिंदिरु	to be alert, to be cautious.
संभव	वि.	जो किया जा सकता हो या हो सकता है, मुमकिन ।	ಸಂಭವ	संभव	possible.
संभवतः	क्रि. वि.	हो सकता है, शायद, मुमकिन है ।	ಬಹುತೇಕ, ಬಹುಮಟ್ಟಿಗೆ	बहुतेक, बहुमट्टिगॆ	probably, perhaps, possibly.
संभार	पुं.	साज-सामान, सामग्री ।	ಸಾಮಾನು ಸರಂಜಾಮು	सामानु सरंजामु	equipment provision, necessaries.
संभाल	स्त्री.	1. संभलने या संभालने की क्रिया या भाव;	ಸಂಬಾಳಿಸುವಿಕೆ;	संबाळिसुविकॆ;	act or process of being alert or safe;
		2. कोई वस्तु संभाल कर रखने की क्रिया या भाव, देखरेख, हिफाजत ।	ಭದ್ರಪಡಿಸುವಿಕೆ	भद्रपडिसुविकॆ	care-taking, upkeeping, maintenance.
संभालना	स.क्रि.	1. पालन करना, रक्षा करना, सहारा देना;	ಆಶ್ರಯ ಕೊಟ್ಟು ರಕ್ಷಿಸು;	आश्रय कॊट्टु रक्षिसु;	to support, to sustain, to look after;
		2. प्रबंध करना, सहेजना, भार उठाना;	ನಿರ್ವಹಿಸು;	निर्वहिसु;	to manage, to superintend;
		3. गिरते हुए को बीच में रोकना;	ಹಿಡಿದು ನಿಲ್ಲಿಸು;	हिडिदु निल्लिसु;	hold up, uphold, prop;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		4. बिगड़ते हुए संबंध में ऐसी क्रिया करना जिससे वह अधिक न बिगड़ने पाये, प्रत्युत धीरे-धीरे सुधरने लगे ।	ಕೆಡದಂತೆ ತಡೆ ಹಿಡಿ	कॆडदंतॆ तडॆ हिडि	to reconcile, to amend.
संभाला	पुं.	**मरणासन्न व्यक्ति की वह स्थिति जिसमें वह कुछ समय के लिए संभला हुआ जान पड़े ।**	ಸಾಯುವ ಮುಂಚಿನ ಸ್ಥಿತಿ	सायुव मुंचिन स्थिति	the apparent rally before death.
संभावना	स्त्री.	**किसी घटना या बात के संबंध में वह स्थिति जिसमें उस घटना के घटित होने या उस बात के पूरे होने की शक्यता होती है ।**	ಸಂಭಾವನೆ	संभावनॆ	possibility, probability, likelihood.
संभावित	वि.	**जिसकी संभावना हो, मुमकिन, संभव ।**	ಬಹುದಾದ, ಆಗಬಹುದಾದ	बहुदाद, आगबहुदाद	probable, likely.
संभाव्य	वि.	**जो हो सकता हो, जो कल्पना या विचार में आ सकता हो ।**	ಆಗಬಹುದೆಂಬ ನಿರೀಕ್ಷಣೆಯಿರುವ	आगबहुदॆंब निरीक्षणॆयिरुव	supposable, imaginable, probable.
संभाषण	पुं.	**बातचीत, वार्तालाप ।**	ಸಂಭಾಷಣೆ	संभाषणॆ	conversation, discourse.
संभोक्ता	पुं.	**उपभोग करनेवाला, भोगनेवाला ।**	ಉಪಭೋಗ ಮಾಡುವವ, ಬಳಕೆದಾರ	उपभोग माडुवव, बळकॆदार	consumer, one who eats or enjoys.
संभोग	पुं.	**1. स्त्री पुरुष का मैथुन, रतिक्रीड़ा;** **2. किसी वस्तु का किया जाने-वाला पूरा उपयोग ।**	ರತಿಕ್ರೀಡೆ; ಭೋಗ	रतिक्रीडॆ; भोग	sexual union, coition; full or best use.
संभ्रम	पुं.	**1. उतावली, जल्दबाजी, घबराहट;** **2. आदर, मान ।**	ಸಂಭ್ರಮ	संभ्रम	eagerness, haste, nervousness; respect.
संभ्रांत	वि.	**प्रतिष्ठित, सम्मानित ।**	ಸನ್ಮಾನ್ಯ	सन्मान्य	respectable.
संयत	वि.	**1. जितेंद्रिय;**	ಜಿತೇಂದ್ರಿಯ;	जितेंद्रिय;	one who has restrained his passion;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. व्यवस्थित किया हुआ;	ವ್ಯವಸ್ಥಿತವಾದ;	व्यवस्थितवाद;	arranged;
		3. रोका हुआ, कैद किया हुआ ।	ತಡೆಗಟ್ಟಿದ, ಬಂಧಿತ	तडॆगट्टिद, बंधित	fettered, captive, imprisoned.
संयम	पुं.	1. चित्त की अनुचित वृत्तियों का निरोध, इन्द्रिय निग्रह, रोक, नियंत्रण; 2. हानिकारक कार्यों या बातों से बचते हुए अलग या दूर रहना ।	ಸಂಯಮ	संयम	restraint, control, continence; sobriety, temperance, forbearance.
संयमन	पुं.	निग्रह, दमन ।	ನಿಗ್ರಹ	निग्रह	self-denial, restraint.
संयमित	वि.	1. नियंत्रित, रोका हुआ;	ನಿಗ್ರಹಿಸಲ್ಪಟ್ಟ;	निग्रहिसल्पट्ट;	restrained, checked, subdued;
		2. धार्मिक प्रवृत्तिवाला ।	ಧರ್ಮನಿರತ	धर्मनिरत	piously disposed.
संयमी	पुं., वि.	संयम करनेवाला, आत्मनिग्रही ।	ಆತ್ಮ ನಿಗ್ರಹಿ	आत्म निग्रहि	one who subdues or controls his passions, continent, temperate, sober.
संयुक्त	वि.	1. किसी के साथ जुड़ा, मिला, लगा या सटा हुआ;	ಸೇರಿದ;	सेरिद;	joined, connected, united;
		2. जिसके दो या अधिक भागीदार हों ।	ಭಾಗಸ್ಥರಿಂದ ಕೂಡಿದ	भागस्तरिंद कूडिद	consisting of two or more partners.
संयुक्ताक्षर	पुं.	वह अक्षर जो दो अक्षरों के मेल से बना हो ।	ಸಂಯುಕ್ತಾಕ್ಷರ	संयुक्ताक्षर	combined consonants.
संयोग	पुं.	1. दो या अधिक वस्तुओं का एक में या एक साथ होना, मेल, मिश्रण;	ಬೆರೆತಿರುವಿಕೆ;	बॆरॆतिरुविकॆ;	combination, communion, association;
		2. आकस्मिक रूप से आनेवाली वह स्थिति जिसमें एक घटना के साथ ही कोई दूसरी घटना भी घटित हो;	ಆಕಸ್ಮಿಕ ಸಂಭವ;	आकस्मिक संभव;	chance, coincidence;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		3. प्रेमी और प्रेमिका का मिलन;	ಪ್ರೇಮಿಗಳ ಸಮ್ಮಿಳನ;	प्रेमिगळ सम्मिळन;	union;
		4. व्याकरण में कई व्यंजनों का एक साथ होनेवाला मेल ।	(ವ್ಯಾಕರಣ) ವ್ಯಂಜನ ಸಂಯೋಗ	(व्याकरण) व्यंजन संयोग	conjunct consonant.
संयोगी	वि.	जिसका संयोग हो चुका हो ।	ಸಂಯೋಗವಾದ, ಬೆರೆತ	संयोगवाद, बॅरॅत	united, conjoined.
संयोजक	वि.	संयोजन करनेवाला ।	ಸಂಯೋಜಕ	संयोजक	joining together, connecting.
	पुं.	1. सभा, समिति आदि की बैठक का आयोजन करनेवाला;			convenor;
		2. व्याकरण में वह शब्द जो दो शब्दों या वाक्यों को जोड़ने का काम करता हो ।			conjunction (gram.).
संयोजन	पुं.	1. जोड़ने, मिलाने की क्रिया;	ಸೇರಿಸುವಿಕೆ;	सेरिसुविकॅ;	act of joining or uniting with;
		2. कार्य का आयोजन या व्यवस्था, प्रबन्ध ।	ಏರ್ಪಡಿಸುವಿಕೆ	एर्पडिसुविकॅ	arrangement.
संयोजित	वि.	जिसका संयोजन हुआ हो या किया गया हो ।	ಸೇರಿಸಲ್ಪಟ್ಟ ಅಥವಾ ಜೋಡಿಸಲ್ಪಟ್ಟ	सेरिसल्पट्ट अथवा जोडिसल्पट्ट	conjoined, attached.
संरक्षक	वि., पुं.	1. देखभाल, निरीक्षण करनेवाला, आश्रयदाता;	ಸಂರಕ್ಷಕ	संरक्षक	custodian, protector, guardian;
		2. संस्थाओं आदि में वह बड़ा और मान्य-व्यक्ति जो उसके प्रधान पोषकों या समर्थकों में माना जाता हो ।			patron.
संरक्षणीय	वि.	संरक्षण का अधिकारी या पात्र ।	ಸಂರಕ್ಷಣೆ ಮಾಡಲು ಯೋಗ್ಯ	संरक्षणॅ माडलु योग्य	worthy of being protected or guarded against.
संरक्षित	वि.	जिसका संरक्षण किया गया हो या हुआ हो ।	ಸಂರಕ್ಷಿಸಲ್ಪಟ್ಟ	संरक्षिसल्पट्ट	protected, guarded, preserved.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संरचना	स्त्री.	1. कोई ऐसी वस्तु बनाने की क्रिया या भाव जिसमें अनेक प्रकार के बहुतसे अंगों-उपांगों का प्रयोग करना पड़ता हो;	ಸಾಂಗೋಪಾಂಗವಾಗಿ ರಚಿಸುವಿಕೆ;	सांगोपांगवागि रचिसुविकॆ;	construction;
		2. उक्त प्रकार से बनी हुई कोई चीज ।	ಸಾಂಗೋಪಾಂಗ ರಚನೆ	सांगोपांग रचनॆ	structure.
संलग्न	वि.	किसी के साथ मिला हुआ, लगा हुआ, जुड़ा हुआ ।	ಲಗತ್ತಿಸಿದ, ಜೋಡಿಸಿದ	लगत्तिसिद, जोडिसिद	attached, enclosed, appended.
संलाप	पुं.	1. आपस की बातचीत, वार्तालाप;	ಸಲ್ಲಾಪ, ಮಾತುಕತೆ;	सल्लाप, मातुकतॆ;	conversation, discourse;
		2. अपने आप बकना या बड़बड़ाना ।	ತನ್ನಷ್ಟಕ್ಕೆ ಒದರಿಕೊಳ್ಳುವಿಕೆ	तन्नष्टक्कॆ ऒदरिकॊळ्ळुविकॆ	ramble.
संवत्	पुं.	सन्, वर्ष, साल ।	ವರ್ಷ, ಸನ್	वर्ष, सन्	year, era (as Saka or Vikram).
संवत्सर	पुं.	दे. 'संवत्' ।	ವರ್ಷ	वर्ष	see 'संवत्'.
संवरण	पुं.	1. मनोवेग आदि को दबाकर वश में रखना;	ಮನೋವೇಗವನ್ನು ತಡೆಗಟ್ಟುವಿಕೆ;	मनोवेगवन्नु तडॆगट्टुविकॆ;	subjugation of passions;
		2. छिपाना, परदा करना ।	ಮುಚ್ಚಿಡುವಿಕೆ	मुच्चिडुविकॆ	covering, screening, hiding, concealment.
संवरना	अ. क्रि.	अच्छी या ठीक दशा को प्राप्त होना, सुन्दर रूप में आना ।	ಚೆನ್ನಾಗಿ ರೂಪುಗೊಳ್ಳು	चॆन्नागि रूपुगॊळ्ळु	to be made up, to be decorated, to be arranged.
संवर्ग	पुं.	कार्यालयों आदि में सेवा अथवा पद का एक विशिष्ट वर्ग ।	ಉದ್ಯೋಗಿ ವೃಂದದ ಹುದ್ದೆ	उद्योगि वृंदद हुद्दॆ	cadre.
संवर्ती	वि.	किसी के साथ वर्तमान रहने या होनेवाला या एक ही काल में औरों के साथ प्राय: उसी रूप में परन्तु भिन्न-भिन्न स्थानों में होनेवाला ।	ಸಮಕಾಲಿಕ	समकालिक	contemporary, contemporaneous.
संवर्द्धक	वि.	बढ़ानेवाला ।	ವೃದ್ಧಿಗೊಳಿಸುವ	वृद्धिगॊळिसुव	augmenting, increasing.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संवर्द्धन	पुं.	1. अच्छी तरह बढ़ना या बढ़ाना; 2. पालपोसकर बड़ा करना ।	ವೃದ್ಧಿಗೊಳಿಸುವಿಕೆ	वृद्धिगॊळिसुविकॆ	augmenting, increasing; bringing up, rearing, raising.
संवर्द्धित	वि.	जिसका संवर्द्धन किया गया हो या हुआ हो ।	ಬೆಳೆಸಲ್ಪಟ್ಟ, ವೃದ್ಧಿಗೊಳಿಸಿದ	बॆळॆसल्पट्ट, वृद्धिगॊळिसिद	brought up, raised.
संवाद	पुं.	1. बातचीत, वार्तालाप;	ಮಾತುಕತೆ;	मातुकतॆ;	conversation, discourse;
		2. खबर, समाचार;	ಸಮಾಚಾರ;	समाचार;	information, news;
		3. सादृश्य आदि के कारण चीजों, बातों आदि का आपस में ठीक बैठना या मेल खाना ।	ಸರಿಹೊಂದುವಿಕೆ	सरिहॊंदुविकॆ	conformity, correspondence, harmonisation, concordance (in music).
संवाददाता	पुं.	समाचार भेजनेवाला ।	ಸುದ್ದಿಗಾರ, ಬಾತ್ಮೀದಾರ	सुद्दिगार, बात्मीदार	correspondent, pressman.
संवादी	वि.	1. किसी के साथ अनुकूल पड़ने, बैठने या होनेवाला;	ಸರಿಹೊಂದುವ;	सरिहॊंदुव;	agreeing or harmonizing with, corresponding to;
		2. बात करनेवाला ।	ಮಾತನಾಡುವ	मातनाडुव	speaking, conversing.
	पुं.	संगीत में वह स्वर जिसका वादी से मेल हो और जो राग विशेष में वादी से कम पर अन्य स्वरों से अधिक मेल रखता हो ।	(ಸಂಗೀತ) ಸಂವಾದಿ ಸ್ವರಗಳು	(संगीत) संवादि स्वरगळु	sub-ominent or the note next in importance to Vadi in a rag.
संवारना	स. क्रि.	1. सुसज्जित करना, सजाना;	ಸಜ್ಜುಗೊಳಿಸು;	सज्जुगॊळिसु;	to dress, to decorate;
		2. ठीक करना, तरतीब में रखना;	ಕ್ರಮಪಡಿಸು;	क्रमपडिसु;	to arrange, to methodize;
		3. सुधारना, मरम्मत करना ।	ಸರಿಪಡಿಸು	सरिपडिसु	to correct, to mend, to improve.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संविदा	**स्त्री.**	**कुछ खास शर्तों पर आपस में होनेवाला किसी प्रकार का इकरार या समझौता ।**	ಕರಾರು, ಒಪ್ಪಂದ	करारु ऑप्पंद	contract.
संविदाकार	पुं., वि.	इकरार या समझौता करनेवाला ।	ಕರಾರು ಮಾಡಿಕೊಂಡವ, ಕಂಟ್ರಾಕ್ಟ್‌ದಾರ	करारु माडिकॊंडव, कंट्राक्ट्दार	contractor, contracting.
संविधान	पुं.	1. राजनीति और शासनतंत्र में कानून के रूप में बने हुए वे मौलिक नियम और सिद्धांत जिनके अनुसार किसी राज्य, राष्ट्र या संस्था का संघटन और संचालन होता है;	ಸಂವಿಧಾನ	संविधान	constitution;
		2. व्यवस्था, प्रबन्ध ।			arrangement.
संविधि	पुं.	विधानसभा द्वारा पारित प्रस्ताव जो विधान के अंग के रूप में स्वीकार किया जाता है ।	ಪರಿನಿಯಮ	परिनियम	statute.
संवेदन	पुं.	1. अनुभूति या प्रतीति;	ಪ್ರತೀತಿ;	प्रतीति;	sensation, feeling;
		2. किसी को किसी बात का ज्ञान या बोध कराना ।	ತಿಳಿಯ ಹೇಳುವಿಕೆ	तिळिय हेळुविकॆ	making known, communication.
संवेदना	स्त्री.	मन में होनेवाला बोध या अनुभव, अनुभूति ।	ಅನುಭೂತಿ	अनुभूति	sensitivity, sensation.
संवेद	वि.	जिसकी अनुभूति या ज्ञान हो सकता हो ।	ಅನುಭೂತಿಯಾಗಬಹುದಾದ (ವಿಷಯ)	अनुभूतियाग-बहुदाद (विषय)	intelligible, perceptible, worth experiencing.
संशय	पुं.	1. संदेह, अनिश्चय;	ಸಂಶಯ	संशय	uncertainty, doubt;
		2. खतरे या संकट की आशंका या संभावना ।			risk, peril , danger.
संशयात्मक	वि.	संदेहपूर्ण, अनिश्चित ।	ಸಂಶಯಾತ್ಮಕ	संशयात्मक	dubious, uncertain.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संशयी	वि.	संशय, संदेह करनेवाला, शक्की ।	ಸಂದೇಹಪಡುವ	संदेहपडुव	wavering, doubtful, sceptic.
संशोधक	पुं.	1. सुधारनेवाला; 2. (तत्व) जो किसी बात या पदार्थ की शुद्धि में सहायक होता हो ।	ಸಂಶೋಧಕ	संशोधक	mendor, rectifier; purifier.
संशोधन	पुं.	1. शुद्ध करना या साफ करना; 2. त्रुटि, दोष आदि दूर करके ठीक और दुरुस्त करना ।	ಸಂಶೋಧನೆ	संशोधनॆ	purification, cleansing; correction, amendment.
संशोधित	वि.	1. शुद्ध किया हुआ; 2. सुधारा हुआ ।	ಸಂಶೋಧಿಸಲ್ಪಟ್ಟ	संशोधिसल्पट्ट	completely cleansed and purified; corrected, amended.
संश्लिष्ट	वि.	अच्छी तरह जुड़ा, मिला या लगा हुआ ।	ಚೆನ್ನಾಗಿ ಬೆರೆತ ಅಥವಾ ಮಿಶ್ರಿತ	चॆन्नागि बॆरॆत अथवा मिश्रित	mixed up, synthesised.
संसद	स्त्री.	शासन संबंधी कार्यों में सहायता देने, नये विधान बनाने तथा पुराने विधानों में संशोधन करने के लिए प्रजा द्वारा चुने हुए प्रतिनिधियों की सभा ।	ಸಂಸತ್ತು, ಪಾರ್ಲಿಮೆಂಟು	संसत्तु, पार्लिमॆंटु	parliament.
संसर्ग	पुं.	संयोग, मेल, लगाव या संबंध ।	ಸಂಬಂಧ	संबंध	contact, company association.
संसर्गी	वि.	संसर्ग या लगाव रखनेवाला ।	ಸಂಗಡ ಇರುವ	संगड इरुव	keeping company with, familiar, associate.
संसार	पुं.	दुनिया, मर्त्यलोक ।	ಪ್ರಪಂಚ, ಜಗತ್ತು	प्रपंच, जगत्तु	mundane existence, the world.
संसारी	वि.	1. संसार संबंधी, लौकिक;	ಜಗತ್ತಿಗೆ ಸಂಬಂಧಿಸಿದ;	जगत्तिगॆ संबंधिसिद;	mundane, worldly;

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
		2. गृहस्थ जीवन व्यतीत करनेवाला·	ಗೃಹಸ್ಥ ಜೀವಿ;	गृहस्थ जीवि;	one who has a family;
		3. लोक व्यवहार में कुशल।	ವ್ಯವಹಾರ ಕುಶಲ	व्यवहार कुशल	a worldly man.
संस्करण	पुं.	1. पुस्तकों आदि की एक बार में एक ही तरह की होनेवाली छपाई, आवृत्ति;	ಆವೃತ್ತಿ;	आवृत्ति;	edition, issue (of a journal);
		2. दुरुस्त या शुद्ध करना, सुधारना।	ಸಂಸ್ಕರಿಸುವಿಕೆ, ಶುದ್ಧ ಮಾಡುವಿಕೆ	संस्करिसुविकॆ, शुद्ध माडुविकॆ	correction, improvement.
संस्कार	पुं.	1. किसी वस्तु को ठीक या दुरुस्त करके उचित रूप देने की क्रिया, परिष्कार;	ಸಂಸ್ಕಾರ	संस्कार	refinement;
		2. पूर्वजन्म के आचार-व्यवहार, पाप-पुण्य आदि का आत्मा पर पड़ा हुआ वह प्रभाव जो मनुष्य के परवर्ती जन्म में उसके कार्यों, प्रवृत्तियों, रुचियों आदि के रूप में प्रकट होता है;			mental impressions (forming the mind);
		3. हिन्दुओं में जन्म से मरण तक होनेवाले वे विशिष्ट धार्मिक कृत्य जो द्विजातियों के लिए विहित हैं।			ritual, sacrament, ceremony.
संस्कारी	वि.	अच्छे संस्कारवाला।	ಸುಸಂಸ್ಕೃತ	सुसंस्कृत	cultured, refined.
संस्कृत	वि.	1. संस्कार द्वारा शुद्ध, पवित्र किया हुआ;	ಸಂಸ್ಕೃತ	संस्कृत	cultured;
		2. परिमार्जित, परिष्कृत।			refined, polished.
	स्त्री.	भारतीय आर्यों की प्राचीन साहित्यिक भाषा जिसमें उनके धर्मग्रन्थ आदि हैं।			Sanskrit (language)
संस्कृति	स्त्री.	1. आचरणगत परम्परा, सभ्यता;	ಸಂಸ್ಕೃತಿ	संस्कृति	civilization, culture;
		2. संस्कार करने की क्रिया या भाव।			perfection, purification.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संस्ताव	पुं.	1. सिफारिश; 2. प्रशंसा, स्तुति; 3. यज्ञ में स्तुति करनेवाले ब्राह्मणों के बैठने का स्थान ।	ಶಿಫಾರಸು; ಪ್ರಶಂಸೆ; (ಯಜ್ಞದಲ್ಲಿ) ಸಾಮಗಾನ ಮಾಡುವವರು ಕೂಡುವ ಸ್ಥಾನ	शिफारसु; प्रशंसॆ; (यज्ञदल्लि) सामगान माडुववरु कूडुव स्थान	recommendation; praise, celebration; the place which Brahmanas reciting hymns and prayers occupy at a sacrifice.
संस्था	स्त्री.	संघटित वर्ग, समाज या समूह, सभा, समिति ।	ಸಂಸ್ಥೆ	संस्थॆ	institution, organisation.
संस्थान	पुं.	1. साहित्य, कला, विज्ञान आदि की उन्नति के लिए स्थापित संस्था या संघटन; 2. ढांचा, संरचना ।	ಸಂಸ್ಥಾನ	संस्थान	institute; structure, configuration.
संस्थापक	पुं.	1. स्थापित करनेवाला; 2. नये काम या बात का प्रवर्तन करनेवाला ।	ಸಂಸ್ಥಾಪಕ	संस्थापक	founder; precursor, pioneer.
संस्थापन	पुं.	1. स्थापित करना; 2. कोई नया काम या नई बात चलाना ।	ಸ್ಥಾಪಿಸುವಿಕೆ; ಹೊಸ ವಿಷಯ ಅಥವಾ ಸಂಸ್ಥೆಯನ್ನು ಆರಂಭಿಸುವಿಕೆ	स्थापिसुविकॆ; हॊस विषय अथवा संस्थॆयन्नु आरंभिसुविकॆ	the act of establishing, founding; pioneering, introducing something.
संस्थापना	स्त्री.	दे. 'संस्थापन' ।	ನೋಡಿ "संस्थापन"	नोडि "संस्थापन"	see 'संस्थापन'.
संस्थापित	वि.	स्थापित किया हुआ ।	ಸ್ಥಾಪಿಸಲ್ಪಟ್ಟ	स्थापिसल्पट्ट	established, founded.
संस्मरण	पुं.	1. इष्ट देव आदि का बारबार स्मरण करना या उनका नाम जपना; 2. किसी व्यक्ति के जीवन की महत्वपूर्ण और मुख्य घटनाओं या बातों का उल्लेख या कथन ।	ಇಷ್ಟ ದೇವರ ನಾಮ ಜಪ; ಮಹಾವ್ಯಕ್ತಿಗಳ ಜೀವನದ ಮುಖ್ಯ ಘಟನೆಗಳ ಉಲ್ಲೇಖ	इष्ट देवर नाम जप; महाव्यक्तिगळ जीवनद मुख्य घटनॆगळ उल्लेख	remembering, calling to mind; memoirs, reminiscences, recollections.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
संस्मरणीय	वि.	1. बहुत दिनों तक याद रहने लायक; 2. जिसका नाम-जप आदि करना आवश्यक और उचित हो ।	ಸ್ಮರಣೆಯಲ್ಲಿರಿಸಲು ಯೋಗ್ಯ; ಪೂಜಾರ್ಹ	स्मरणॅयल्लिरिसलु योग्य; पूजार्ह	to be remembered for a long time; worthy of being worshipped.
संस्मृति	स्त्री.	पूर्ण स्मृति, पूरी याद ।	ನೆನಪಿನಲ್ಲಿರುವಿಕೆ	नॅनपिनल्लिरुविकॅ	remembrance, recollection.
संहार	पुं.	1. ध्वंस, नाश; 2. बहुत से व्यक्तियों की युद्ध आदि में एक-साथ होनेवाली हत्या ।	ಸಂಹಾರ	संहार	annihilation, destruction; massacre.
संहारक	वि., पुं.	नाश करनेवाला ।	ಸಂಹಾರಕ	संहारक	destroyer, ruiner, destructor.
संहिता	स्त्री.	1. वेदों का मन्त्रभाग; 2. संग्रह, संकलन; 3. राजकीय अधिकारियों द्वारा प्रस्तुत किया हुआ नियमों-विधियों आदि का संग्रह ।	ಸಂಹಿತೆ	संहितॅ	arrangement of the text of the Vedas; collection, compilation, compendium; compendium or compilation of laws, code, digest.
सकना	अ. क्रि.	समर्थ होना, योग्य होना ।	ಬಹುದು, ಸಮರ್ಥವಾಗು	बहुदु, समर्थवागु	can, may, to be able, to be competent.
सकपकाना	अ. क्रि.	1. चकित होना; 2. लज्जा आदि के कारण घबड़ाहट में पड़ जाना; 3. हिचकना, आगापीछा करना ।	ಚಕಿತಗೊಳ್ಳು; ನಾಚಿ ಗಾಬರಿಗೊಳ್ಳು; ಹಿಂದೆ-ಮುಂದೆ ನೋಡು	चकितगॉळ्ळु; नाचि गाबरिगॉळ्ळु; हिंदॅ-मुंदॅ नोडु	to be startled; to be unnerved out of blushing or hesitation; to hesitate, to be dubious.

हिंदी शब्द	व्या. को.	हिंदी अर्थ	कन्नड पर्याय	देवनागरी लिप्यंतरण	अंग्रेजी पर्याय
सकर्मक	वि.	(वह क्रिया) जिसका प्रभाव कर्ता पर न पड़कर दूसरे पर पड़े ।	ಸಕರ್ಮಕ	सकर्मक	(in Gram.) having an object, transitive.
सकल	वि.	सब, समस्त, कुल ।	ಸಮಸ್ತ, ಎಲ್ಲಾ	समस्त, एल्ला	all, entire, whole.
सकाम	वि.	कामनायुक्त, फलाकांक्षा से युक्त ।	ಫಲಾಪೇಕ್ಷೆಯಿಂದ ಕೂಡಿದ, ಸಕಾಮ	फलापेक्षेयिंद कूडिद, सकाम	desirous of, lustful.
सकारना	स. क्रि.	1. हुंडी पर हस्ताक्षर करके उसे स्वीकार कर लेना; 2. स्वीकार करना, मान लेना ।	(ಸಂದಾಯದ ಬಿಲ್ಲು ವಗೈರೆ) ಸ್ವೀಕರಿಸು; ಒಪ್ಪಿಗೆ ಕೊಡು	(संदायद बिल्लु वगैरे) स्वीकरिसु; ऑप्पिगॆ कॊडु	to accept or endorse as accepted (a bill); to accept, to agree.
